5. A tripartite Committee on which the workers, the industry and the Central and State Governments would be represented has ben constituted to look into the problems of the workers. The problems which are sought to be solved are the ones which relate to house rent allowance, conveyance allowance, badli and increase in wages.

6. After the Committee commences the workers holding all shades of views would be able to represent their views before the Committee and it is expected that the Commitee would give its findings on the issues relating to badli, conveyance allowance and house rent allowance within a period of two months and on wages within a period of six months. All other issues are expected to be looked into within a period of one year.

7. However, those who have been responsible for the strike have not responded positively to the apparatus created to solve

the real problems of the workers. They have instead tried to force their views by remaining away from their jobs and creating situations which are not conducive to the maintenance of law and order and to the solving of their problems in a scientific and just manner for all concerned.

8. The leadership of the Maharashtra Girni Kamgar Union which had organised the strike in the Bombay textile mill industry with effect from January 18, 1982, gave a call for 'Production Bundh' in the State of Maharashtra with effect from October 11, 1982, for a period of three days. Information available from the Government of Maharashtra shows that after the three day period, the sitaution has become normal since yesterday.

9. While the strike call was given all over Maharashtra, its impact was felt only in the six cities of Bombay, Thane, Poona, Aurangabad, Nasik and Rai Garh (Colaba). During the three-day period approximately 1,30,000 to 1,40,000 workers remained away from work affecting 293 units in the six cities mentioned above from a total of nearly 19,000 units. The 'Production Bundh' affected about 11 per cent of the work force and 1.5 per cent of the Units.

10. The philosophy of Production Bundh (utapadan bundh) is neither in the interest of workers nor in the interest of the employers. Its net effect is a loss in the National product which a nation like ours can ill afford. It has affected the life of innocent sections of society unconnected with the issues.

11. The Government is concerned with the hardship being suffered by the workers. The Government appeals to the workers that they should come back to work and their real problems would be solved. Those who are concerned with the situation are requested to see that conditions are created which are helpful for solving the problem.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER: What is this kind of thing being done during Calling Attention? Mr. Jatiya has to speak. No other Member. Mr. Jatiya.

श्री सत्यनारायण जटिया : उपाध्यक्ष महोदय, यह इतना पुराना मसला है जिसका इलाज अभी तक नहीं किया जा सकता है। हमारी सरकार उत्पादन वर्ष मना रही है। इस उत्पादन वर्ष में सरकार की हठधर्मी के कारण यह हड़ताल चल रही है और इस हड़ताल के कारण 757 करोड़ रुपये की हानि उत्पादन में हुई है, 175 करोड़ रुपये की हानि निर्यात में हुई है और 110 करोड़ रुपये की हानि मजूरी में हुई है। यह है उत्पादन वर्ष का तोहफा जो सरकार दे रही है। ये आंकड़े सरकार ने प्रो० मधु दंडवते जी के प्रश्न के उत्तर में दिये हैं।

यह इतना अहम मसला है कि 9 महीने पुरानी हड़ताल का सरकार अभी तक हल नहीं निकाल सकी है। यह नैतिक नहीं है और यह अप्राकृतिक भी है। अगर किसी भी समस्या का हल ढूंढने में इतना समय लगेगा तो निश्चित रूप से मजदूरों में असंतोष और आक्रोश फैलेगा। इस असंतोष के कारण जो परिणाम आ रहे हैं उन्हें अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता है।

60 मिलें बन्द हैं इसके कारण ढाई लाख कर्मचारियों और उनके परिवारों के लाखों लोगों की क्या हालत है, इसका अन्दाजा सहज लगाया जा सकता है। भूखा इंसान क्या नहीं कर सकता है इस बारे में हमें सोचना चाहिए। भूख इंसान से क्या नहीं करा सकती। यह हड़ताल एक ऐसी घटना है जिस पर पूरे देश की निगाह लगी हुई है। आज मजदूरों की भूख दस्तक दे रही है और हमें उसका हल खोजने के लिये मजबूर कर रही है। यह स्थिति है। 10 लाख लोगों के परिवारों को बचाने के लये कुछ नहीं किया जा रहा है। सरकार आहिस्ता चलो की नीति अपना रही है, जिससे आन्दोलन स्वत: समाप्त हो जाय। निश्चित रूप से इस

[श्री सत्यनारायण जटिया]

मजदूर विरोधी नीति का अभिनन्दन नहीं किया जा सकता । वे लोग इस नीति के खिलाफ आन्दोलन चला रहे हैं । सरकार के रूख का विरोध कर रहे हैं, मैं उनको बधाई देना चाहूंगा कि वे इस परिस्थिति में संघर्ष कर रह हैं । इसके भविष्य को सहज नहीं कहा जा सकता ।

आज हिन्दुस्तान के औद्योगिक मजदूरों का 30 प्रतिशत भाग बम्बई में रहता है । 30 प्रतिशत मजदूर प्रभावित हो और सरकार के कान पर जूं तक न रेंगे, सरकार कोई चिन्ता न करे एसी सरकार को मजदूरों की हितचिंतक नहीं कहा जा सकता है । यह सरकार मजदूर विरोधी है, उत्पादन वर्ष में उत्पादन में बाधा उत्पन्न कर रही है और यह देश के हित में नहीं कहा जा सकता है ।

नेशनल कैम्पेन कमेटी बनी हुई है, जिसमें सभी केन्द्रीय श्रम संगठन शामिल हैं । उनका भी यही कहना है कि शीघ्र हल निकाला जाए । यह कोई एक यूनियन का मसला नहीं है । यह एक अहम सवाल है । सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये । सरकार परस्त जो राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ है, उसको बचाने के लिये षडयंत्र किया जा रहा है । मैं समझता हूं कि व्यक्ति से बड़ी संस्था और संस्था से बड़ा देश है । किसी संस्था को बचाने के लिये देश का नुक्सान नहीं किया जा सकता । इस तरह की बात की प्रशंसा नहीं की जा सकती । राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ को बचाने के लिये उसको बी आर आई एक्ट में मान्यता दी गई है, जबकि मजदूरों का समर्थन उसके पास नहीं है । उसको सिर्फ कागजी मान्यता है । मजदूरों के आन्दोलन को कुचलने की यह एक साजिश हो रही है । चाहे बिहार का एक्ट हो, या मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात का एक्ट हो, इनका कोई डेमोक्रेटिक पैटर्न नहीं है, ये मजदूर विरोधी हैं । ये एक्ट इसलिये बनाये गये हैं जिससे कि मजदूर आन्दोलन स्वतंत्रता पूर्वक न चल सकें । इस तरह की साजिश की जा रही है । आन्दोलन को कुचलने के लिये गोली चालन किया गया । ऐसी स्थिति बनाई गई मजदूर सत्याग्रह और प्रदर्शन कर रहे थे । गांधी जी ने हमें सत्य का आग्रह करना सिखाया है । आखिरी हथियार के रूप में हड़ताल की जाए यह मान्यता है । लेकिन आज मजदूरों का दमन किया जा रहा है । क्या पूंजी लगाने वाले पूंजीपति और सरकार ही सारे निर्णय लेने की हकदार हैं, जो अपना पसीना बहाता है, उसको कोई हक नहीं है ? उसकी बात सरकार नहीं मान रही है । मैं समझता हूं कि सरकार बहुत बड़ी गलती कर रही है । इसका परिणाम ठीक नहीं निकलेगा । इसका सबक देश की जनता और मजदूर समय पर अवश्य देंगे । आज जो स्थिति बनी हुई है वह बहुत खतरनाक है । मजदूरों के आंदोलन को दबाने के लिए षडयंत्र किए जा रहे हैं ।

मुझे याद है जब उज्जैन की विनोद और विमल मिलें मध्यप्रदेश में वह बंद हुई थीं और उन 8 हजार मजदूरों के लिए जब मैं आवाज उठाता था तो मेरी आवाज को दबाने की हर प्रकार की कोशिश की जाती थी । मेरे ऊपर बल प्रयोग किया गया और मुझे आघात पहुंचाये गये । इसलिए मैं उस दर्द को समझता हूं मजदूरों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है । उनके बर्तन, कपड़े जेवर आदि सब बिक चुके हैं । नौ महीनों से उनकी यह हड़ताल चली आ रही है । मजदूरों के पास कोई बहुत बड़ी पूंजी नहीं होती है । आश्रय का दूसरा

साधन नहीं होता है। वह कमाता है और खाता है। किसी महीने उसको पगार न मिले तो भुखमरी की स्थिति उसके सामने आ कर खड़ी हो जाती है। यह तो नौ महीने से हड़ताल चली आ रही है। इस कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी तो और क्या होगा। सरकार इस हड़ताल के चलते रहने के लिए दोषी है। उचित समय पर सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। नौ महीने की 'प्रौलोंग्ड स्ट्राइक' होने के बावजूद भी वह कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार दमन का सहारा ले रही है। दमनकारी उपाय वह अपना रही है। इन उपायों से वह इस हड़ताल को खत्म कराना चाहती है। यह तानाशाही रवैया है। प्रजातंत्रीय देश के लिए यह रवैया प्रशंसा की बात नहीं है। सरकार उपेक्षा बरत रही है।

इधर मजदूर परेशान है, जलूस और प्रदर्शन करने पर मजबूर हो रहे हैं, और उधर देश में ऐसी परिस्थिति भी पैदा हो गई है कि मिल मालिकों, कारखाने-दारों को भी प्रदर्शन करने पर, जलूस निकालने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश में, इंदौर में मिल मालिकों को बिजली नहीं मिल रही है। यह उत्पादकता वर्ष है। लेकिन उत्पादन बढ़ाने पर जोर नहीं दिया जा रहा है। कारखानों को बिजली नहीं दी जा रही है। कारखानों को, उद्योगों को चलाने वाले मालिक तक जलूस निकाल रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं, ज्ञापन दे रहे हैं बिजली की कमी को ले कर। कहां देश जा रहा है, यह आप सोचते नहीं हैं। इससे न उद्योगों का भला होगा और न देश का। यह चीज न उद्योगों के हित में है, न श्रमिकों के और न ही देश के। स्थिति दिनों दिन खराब होती चली जा रही है।

देश के कपड़ा मजदूरों की समस्यायें हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिये। बीस पच्चीस साल में कपड़ा मजदूरों के वेतन पर विचार नहीं किया गया है। कपड़ा मजदूर हिन्दुस्तान की रीढ़ हैं, कपड़ा उद्योग हिन्दुस्तान की रीढ़ रहा है और है। यह बहुत पुराना उद्योग है। इस में काम करने वाले श्रमिकों की स्थिति काफी दयनीय है। नरकीय जीवन वे बिता रहे हैं। मिलों में काम करने वाले लाखों मजदूरों के पास रहने के लिए मकान नहीं है, बच्चों की पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं है, स्वास्थ्य सुविधायें उनको उपलब्ध नहीं है। एक स्वतंत्र देश के लिए यह स्थिति शर्म की बात है। कपड़ा उद्योग के 'आटोमेशन' की, 'नवीनीकरण' की 'माडर्नाइजेशन' की सब बातें की जाती हैं। लेकिन इस उद्योग में काम करने वालों के बारे में आप सोचेंगे नहीं तो यह अच्छा नहीं होगा। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध भारतीय वस्त्र उद्योग कर्मचारी महासंघ ने इन मजदूरों के वास्ते बेज के गठन बोर्ड की मांग की है। इसको माना नहीं गया है। कपड़ा मिलों में काम करने वाले मजदूरों को क्या मिलना चाहिये, इसके बारे में विचार नहीं हुआ है। आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद भी जो उपेक्षा उनकी तरफ बरती गई है, इसी का यह नतीजा है कि यह हड़ताल इतनी लम्बी चली है और अन्य भागों में भी देश के हड़ताल करने का वातावरण बनता चला जा रहा है। उनकी मांग है कि उनको कम से कम 650 रुपये मासिक वेतन मिलना चाहिये, महंगई भत्ता उनको मिलना चाहिये, स्थायीकरण की बात होनी चाहिए। मिलों को आजकल बदली कर्मचारियों के बल पर चलाया जाता है, मजदूरों को बदली मजदूरों के रूप में रख कर काम चलाया जाता है। इन बदली मजदूरी

[श्री सत्यनारायण जटिया]

की तादाद बहुत बड़ी है। उनको स्थायी करने के बारे में कोई नीति नहीं बनायी गयी है। कई सालों तक इनको बदली मजदूर के तौर पर काम करना पड़ता है। इनको महीने में काम कितने दिन मिलता है? दो, चार, पांच या दस दिन ही मिलता है। उसी पर इनको अपना जीवन निर्वाह करना पड़ता है। मजदूरों के लिए आवास की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। आवास सुविधायें उनको उपलब्ध कराना चाहिये। अच्छे रिहायशी मकान उनको दिए जाने चाहियें। अगर मकान नहीं दे सकते हैं तो मकान भत्ता उनको दिया जाए। उनके वास्ते चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध की जाएं। मिलों में कार्डिग, फ्रेमिंग, ब्लो रूम, स्पिनिंग आदि कई विभाग होते हैं। उन विभागों में जो मजदूर काम करते हैं, वहां के वातावरण में, और वायुमंडल से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वातावरण इस प्रकार का नहीं होता है जिसको 'हैल्दी' कहा जा सके। स्वास्थ्यप्रद वातावरण नहीं होता है। अस्वास्थ्यकर वातावरण में रह कर उनको काम करना पड़ता है। उनके स्वास्थ्य के बारे में भी चिन्ता की जानी चाहिये, स्वास्थ्य सुविधाएं उनको मिले, यह उनकी मांग है। आने जाने के लिए उनकों कोई सुविधा नहीं मिलती है। मिलों में मजदूर कैसे आएगा, कैसा जाएगा इसका कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता है। अन्य कर्मचारियों के लिए यह सुविधा हो सकती है लेकिन इनके लिए नहीं? एक को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है तो दूसरे को क्यों नहीं की जाती है। दूसरे के बारे में भी सोचा जाना चाहिये। यह जो असमानता है इसको समाप्त किया जाना चाहिये। इस सब के बारे में आप क्या कदम उठा रहे हैं यह बताया जाना चाहिये। इस सब के बारे में आप क्या कदम उठा रहे है यह बताया जाना चाहिये। श्रमिक महिलाओं को काम में जो वाइंडिंग, कार्डिग, ब्लोइंग आदि विभाग हैं उसमें प्राथमिकता दी जानी चाहिये। ये सब उनकी मांगें हैं। 'ले आफ' के बारे में भी ध्यान रखा जाना चाहिये। इस में उनका कोई दोष नहीं होता है। अघोषित ले आफ किया जाता है जिससे मजदूरों को कुछ नहीं मिलता है। बिजली की कमी अथवा अन्य के कारण से जो 'ले आफ' किया जाता है उसका पैसा मजदूरों को मिलना चाहिये ऐसी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिये।

यूनियनों की मान्यता का मामला है। आपको गुप्त मतदान की प्रणाली से मजदूरों की बात को मानना चाहिये और जिसके पक्ष में अधिक मतदान हो उसी यूनियन को मान्यता देनी चाहिये।

मजदूरों को न तो आकस्मिक अवकाश मिलता है, न अर्जित अवकाश, न 'मेडिकल लीव' मिलती है। यहां तक कि त्योहारों को भी छुट्टी नहीं मिलती है। इसी प्रकार बदली कर्मचारियों के बारे में सरकार की कोई नीति नहीं है। मान्यता के कानून ऐसे हैं जिसको लेकर सारे देश में विवाद हैं। क्यों नहीं आप एक केन्द्रीय कानून से यह मसला हल करते? राज्यवार जो तरह तरह के कानून बने हुए हैं उनको समाप्त कर के एक केन्द्रीय कानून सारे देश में बनाया जाना चाहिये जिससे मजदूरों और उद्योग का हित होगा। निगरानी समिति बनानी चाहिये। ग्रेजुटी के बारे में उनकी मांग है कि एक साल में एक महीने का उनको वेतन मिलना चाहिये। उनको सेवा की आज कोई गारन्टी नहीं है। किसी वक्त भी उसको निकाला जा सकता

है । उसकी सेवा की कोई सुरक्षा नहीं है । जो अन्य सुविधायें आप और कर्मचारियों को दे रहे हैं वह मजदूरों को भी देनी चाहिये । नाइट ड्यूटी करने के लिये उनको शिफ्ट अलाउन्स देना चाहिये । आपको मजदूरों की भलाई के लिये सोचना चाहिये ।

वस्त्र उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की मांग है कि 17 सितम्बर को राष्ट्रीय श्रम दिवस विश्वकर्मा जयन्ती के रूप में मनाया जाना चाहिये और उनको उस दिन वेतन सहित छुट्टी मिलनी चाहिये ।

सारी मिलों का मामला बड़ा लम्बा चला । यह मामला पेचीदा हो गया है । यदि यह हड़ताल मान लिया जाय तो, समाप्त हो जाय तो इन मिलों को चलाने के लिये 'मोडर्नाइजेशन' करने के लिये 1980-81 के आंकड़ों के अनुसार 2125 करोड़ रू० की जरूरत है । कहां से यह पूरी होगी ? इधर महंगाई भी बढ़ गई है जिसकी वजह से बढ़कर 2500 करोड़ हो जायेगा । तो सरकार इन मिलों का 'मार्डनाइजेशन' करना चाहती है कि नहीं ? 60 मिलों में से 10, 12 मिलें मार्डनाइज्ड हैं, बाकी मिलें कबाड़खाना है । उनका आधुनिकीकरण करना चाहिये । इस बारे में सरकार का क्या रुख है ? मुझे पता लगा है कि कुछ मिलों को सरकार ने 'सिक' घोषित करके लिया है । यह नीति सरकार की अच्छी नहीं है । किसी प्रभाव में आकर मिलों को चलने का अवसर न दिया जाय यह अच्छा नहीं होगा ।

लोगों को भूख से बचाने के लिये कुछ ऐसे उपाय करने चाहिये जो मजदूरों के हित में हों । आपने अपने स्टेटमेंट में कहा है कि 6 महीने में कोई निष्कर्ष निकलने वाला है । 9 महीने हो गये मिलों को बन्द हुए, 6 महीने और लगने वाले हैं । इस प्रकार 15 महीने के अन्दर सरकार किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी । मैं पूछना चाहता हूं कि उसका कार्यान्वियन कब किया जायेगा ? 2 वर्ष लगेंगे, तब तक मजदूरों का क्या होगा ? यह सारे प्रश्न मजदूरों के सामने हैं । इस पर सरकार को गम्भीरता से सोचना चाहिये । सारे देश के कपड़ा उद्योग के बारे में सरकार की क्या नीति है इसको आपको स्पष्ट रूप से घोषित करना चाहिये । आज की वर्तमान परिस्थिति में मिलों को तुरन्त चलाने के लिये क्या सरकार राष्ट्रीय श्रम संगठनों को, वहां जो यूनियनें काम कर रही हैं, उनके प्रतिनिधियों को बुलाकर जल्दी से जल्दी इसकी घोषणा करें कि कब तक आप मिलों को चालू करने के लिये वातावरण बनायेंगे । आपने कहा है कि हमने बड़ा वातावरण बनाया है, लेकिन लोग मान नहीं रहे हैं । आप कह रहे हैं कि हमारे सिद्धांत अच्छे हैं । मान्यताएं बहुत अच्छी हैं । आप घोषणा कर रहे हैं कि उत्पादन वर्ष की, लेकिन लोग मान नहीं रहे हैं । आज बिजली नहीं है । आप "श्रमेव जयते" का नारा देते हैं, लेकिन श्रमिकों पर 'लाठी चार्ज', 'गोली चार्ज' कराते हैं । आज स्थिति इस प्रकार की है कि घोषणा कुछ, करना कुछ । करनी और कथनी का अन्तर निश्चित रूप से किसी भी अच्छी सरकार के लिये शोभा की बात नहीं है ।

श्री रतन सिंह राजदा (बम्बई दक्षिण) : 9 महीने में बच्चा पैदा हो जाता है ।

श्री सत्यनारायण जटिया : आप 9 महीने कह रहे हैं, यदि प्राकृतिक हो और नैसर्गिक हो तब, यदि उसमें कोई खराबी हो तो 9 महीने में नहीं होगा। इसलिये सरकार के सोचने में और उसकी नीति में कहीं न कहीं कुछ खराबी है, या उसकी मंशा अलग है, अन्यथा 9 महीने की स्थिति में सारा 'सोल्यूशन' निकल जाना चाहिये था। अभी 6 महीने और लगेंगे, 15 महीने, उसके बाद 3 महीने और लगेंगे 18 महीने हो जायेंगे, यह स्थिति ठीक नहीं है।

इसलिये मेरा सरकार से साफ-साफ निवेदन है, प्रार्थना है कि ऐसी स्थिति में जब कि हजारों लोग भूख की कगार पर खड़े हैं, उनकी असमत और इज्जत दाव पर है, ऐसी स्थिति में यह मानवीय प्रश्न है, सरकार की इस पर क्या नीति है? सरकार इस बारे में साफ घोषणा करे, यह मैं अपेक्षा करता हूं।

SHRI RATANSINH RAJDA: Sir, will you allow any member from Bombay to speak?

MR. DEPUTY-SPEAKER: You know the rules better than I do.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): The problem involves badli workers. So, a badli member should be allowed.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You give the information to Shri Satyasadhan Chakraborty.

SHRI RATANSINH RAJDA: If one hon. Member withdraws, then can we substitute?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Again, You know the rules.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: (Durgapur): Can I get clarification from the Minister?

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can meet the Minister separately and get any amount of clarification. He will welcome it and will be prepared to discuss it with you.

श्री शिव राज वी० पाटिल: उपाध्यक्ष महोदय, अभी जो वक्तव्य यहां पर किया गया, उसमें से मुझे प्रश्न ढूंढ निकालने होंगे और उनका जवाब देना होगा। इस वक्तव्य में पहले यह कहा गया है कि यह उत्पादन वर्ष है और उत्पादन आप नहीं कर रहे हैं।

जब हमने उत्पादन वर्ष इसे कहा है तो शायद यह उत्पादन वर्ष नहीं होना चाहिये, इसलिये किसी ने उसको रोकने की कोशिश की है। हमने काम बन्द नहीं किया, जिन्होंने काम बन्द किया है, वह उसका जवाब दे सकते हैं। आज हम कह रहे हैं कि यह उत्पादन वर्ष है, इसलिये आप काम पर जाइये और उत्पादन बढ़ाइये।

आपने क्या कहा है, कौन सी फिलासफी कौन सा तत्वाधान इस देश के सामने रखा है, उत्पादन बन्द का। हम कहते हैं उत्पादन बढ़ाओ और आप कहते हैं कि उत्पादन बन्द करो।

श्री सत्यनारायण जटिया : यह हमने नहीं कहा है, सरकार की नीति के कारण यह हुआ है, सरकार ऐसा वातावरण बना रही है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you want, I will allow you to ask a clarification. But you should not interrupt in the middle.

श्री शिव राज वी० पाटिल : आप उत्पादन बन्द की भाषा कह रहे हैं और उसमें गर्व कर रहे हैं, खुद को बड़ा समझ रहे हैं और ऐसा समझ रहे हैं कि आपके

इस काम की वजह से श्रमिकों का भला होने वाला है, हमारे देशवासियों का भला होने वाला है और हमारा देश का होने वाला है। मैं बड़ी नम्रता से आपको कहना चाहता हूं .....

(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him reply. You have spoken for 18 to 20 minutes. Now you hear the reply.

श्री सत्य नारायण जटिया : उपाध्यक्ष महोदय, सीधे आक्षेप लगाये जा रहे हैं।

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत) : जो यह कह रहे हैं, बिल्कुल गलत कह रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you speak now, you will lose your chance.

श्री हरीकेश बहादुर (गोरखपुर) : मंत्री जी ने जो कुछ कहा है, यह सरकार की तुच्छ बुद्धि को उपज है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Calling Attention is allowed by the Speaker to find solutions to problems. The hon. member has raised so many points. The Minister is replying to him. You should wait and know his reaction. This is not the way to react.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: After all, every one is a political product. You cannot avoid it.

(*Interruptions*)

श्री शिव राज वी० पाटिल : अगर आप कहते हैं कि आपने उत्पादन बन्द करने की बात नहीं की, तो मैं क्या कहूं। आपने ही उत्पादन बन्द करने की बात की है, जब कि हमने उत्पादन बढ़ाने की बात की है। जब मैं सही बात यहां पर कहता हूं तो आपको बुरा लगता है। इससे श्रमिकों का हित होने वाला नहीं है। उनका कल्याण नहीं होगा।

श्री सत्य नारायण जटिया : हमने तो उत्पादन बन्द करने की बात नहीं की, फिर क्या ये इस प्रकार आक्षेप लगा रहे हैं। ऐसे किसी पर आक्षेप लगाना ठीक नहीं .... (व्यवधान)।

श्री शिवराज वी० पाटिल : आपने ही उत्पादन बन्द करने की बात की है ..

(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Has he not got the freedom to reply?

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No, no. Mr. Jatiya. Please sit down. You have raised many points and he is replying to those points.

AN HON. MEMBER: He has not replied.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If this is the attitude of the hon. Members, how can we have any deliberations in the House?

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If this is the attitude, we cannot have an orderly deliberation in the House. I am very sorry because he has raised many points. As a matter of fact, the rule is that he can put only one question and he can take only three minutes. We have allowed him and he has made a speech for about 20 minutes. If he has raised only one question, it would have been easy. But as you think, it does not involve any politics, but you have raised many political issues and you have to....

(*Interruptions*)

SHRI HARIKESH BAHADUR: Sir, you have to protect the Members.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am to protect all, I am not concerned whether it is Minister or Members. All are equal. Now, please reply.

श्री शिव राज वी० पाटिल : मैं कोई मनगढंत बात नहीं कह रहा हूं। जो बिन्दु आपने यहां उपस्थित किया है, सिर्फ उस पर ही बोल रहा हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You will attack the Government, and shoud they not reply? It is for you to accept it or reject it.

श्री शिव राज वी० पाटिल : आपने जो प्वाइण्ट उठाया है, मैं सिर्फ उसी पर बोल रहा हूं । यदि आप उसका बुरा मानते हैं तो आपका ऐसा समझना गलत है ।

श्री सत्यनारायण जटिया : उत्पादन बन्द करने की बात किसने की है । सरकार ने की है । हमने नहीं की है ।

श्री शिव राज वी० पाटिल : नहीं तो क्या सरकार ने की है .....

श्री सत्यनारायण जटिया : तो हमने की है ? सरकार ने ही ऐसा वायु-मण्डल बनाया है ।

श्री शिव राज वी० पाटिल : मगर कभी कभी सही बात इतनी हृदय तक पहुंच जाती है, मैं उसमें क्या करूं । यदि आप बात करने के पहले या बोलने के पहले विचार करते तो बात बन जाती । यह बात मैं बार-बार यहां पर कह रहा हूं । इससे श्रमिकों के हित की बात नहीं हो सकती, इससे देश का भी हित नहीं हो सकता और किसी की कुछ भलाई नहीं हो सकती । इसलिए आप श्रमिकों का कल्याण नहीं चाहते हैं, आप तत्व ज्ञान की बात करते हैं ...... ।

SHRI NIREN GHOSH (Dum-Dum): What about the lock-out in the country? Will you compel them to lift the lock-out?

श्री सत्यनारायण जटिया : किसी को कुछ भी कहने की आजादी नहीं है .. (व्यवधान) ...

श्री शिव राज वी० पाटिल : मैं तो आपके सवाल का जवाब दे रहा हूं । यह आपकी गलत नीति का ही परिणाम है .... (व्यवधान) ...

श्री सत्यनारायण जटिया : यह सब सरकार की नीतियों का ही परिणाम है, इसीलिए आज मजदूरों में असंतोष है ...

(*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: No, no. It is not proper. You have raised so many points. Mr Jatiya, I have told you, everybody should act according to the rules in a Calling Attention motion; you are not expected to make a speech and you have made a speech. I have permitted it because this is a very important problem, and now when he replies, you need not accept it, you may reject it, but you must allow the Government to reply.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. It is not proper. As you have been allowed 20 minutes, you must allow them to reply. That is democracy. If you want something else....

(*Interruptions*)

श्री सत्यनारायण जटिया : किसी को कुछ भी कहने की छूट नहीं होनी चाहिए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Why are you so much worried?

श्री शिव राज वी० पाटिल : इस तरह से श्रमिकों का कल्याण नहीं होगा । जिनके कोई नौकरी नहीं है, उनका कल्याण नहीं होगा । आप इस तरह से देश के अन्दर तत्व ज्ञान की बातें फैलाना चाहते हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Jatiya, you have said that the Government is responsible for the stoppage of work. That is there in the proceedings. Should not the Government reply that the Government is not responsible for the stoppage of work? You may accept it or reject it, but for whatever charges are made, the Government have got to reply. You must have the toleration. You need not accept it, you may reject, but you must have the toleration. But if there is no toleration, there is no democracy.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am sorry. Yes, Mr. Minister.

श्री शिवराज वी० पाटिल : मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि उन्होंने जो पायंट्स यहां पर उपस्थित किए हैं, मैं सिर्फ उन्हीं का जवाब दे रहा हूं, उनके बाहर मैं नहीं जा रहा हूं। जो चीज आपको सुनने में बुरी लगती है, अगर आप वह न करते, तो अच्छा होता। (व्यवधान)।

MR. DEPUTY SPEAKER: Mr. Jatiya, there are other Members. The reply is being given by the Minister. Now Shri Satyasadhan Chakraborty has to speak. He will take note of the points and he will put questions to the Minister.

The difficulty is that the problem is completely forgotten. The Speaker has allowed the Calling Attention to see that the starving workers are saved. We are not interested in....

(Interruptions)

My point is that the mill must be opened and the workers must go on work. That is in national interest. That is why the Speaker has allowed it.

After this Calling Attention is over, if the mill is opened tomorrow, I shall be the happiest person as a trade union worker.

This is a human problem. Please do not inject politics in it. The families of the workers are starving. Their children are starving. We shall try to solve the problem.

श्री शिव राज वी० पाटिल : आपका आक्षेप है कि सरकार मजदूर विरोधी नीति अपना कर काम कर रही है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर सरकार मजदूरों के विरुद्ध होती, तो वह एन० टी० सी० में 112 मिलें ले कर न चलाती, 80 करोड़ रुपये का घाटा होने पर वह उन्हें न चलाती आपने क्या किया? जो मिलें बन्द हुई थीं, श्रमिकों को काम देने के लिए एन० टी० सी० ने उन्ह अपने हाथ में लिया, लेकिन आपने उनको भी बन्द कर दिया। एक तरफ़ श्रमिकों को काम देने के लिए आप सरकार को मिलें लेने के लिए कहते हैं और दूसरी तरफ जो मिलें सरकार ने अपने कब्जे में ली हैं, आप उन्हें बन्द करवाते हैं। मैं जानना चाहूंगा ऐसी नीति से श्रमिकों के प्रश्न किस प्रकार हल हो सकते हैं, किस प्रकार उनका कल्याण हो सकता है।

आप कहते हैं कि यहां पर कोई रैली न करो, कोई खेल न करो, क्योंकि उन-पर पैसा खर्च होता है। वहां पर आप मिलें बन्द कर के, प्राडक्शन बन्द कर के कुछ ही दिनों में करोड़ों रुपए बर्बाद करते हैं। आपके उकसाने से होने वाली स्ट्राइक के कारण हजारों लोग भुखे रहते हैं, लेकिन आपको उसकी चिन्ता नहीं है। हम प्राडक्शन को बढ़ाने की बात करते हैं, आप उसको बन्द करने की बात करते हैं। क्या इससे श्रमिकों का कल्याण हो सकता है?

मैं माननीय सदस्य से पूछना चाहता हूं कि बम्बई के श्रमिकों की क्या मांगे हैं। उन सारी मांगों को वैधानिक दृष्टि से पूरा करने--सब लोगों के प्रश्न हल हो सकें, इस दृष्टि से कार्यवाही करने-की ज़िम्मेदारी सरकार ने अपने ऊपर ली है। आज भी मैं यह बात कहता हूं। क्या उससे आपका समाधान हो जाएगा। आप कहते हैं कि आर एम एम एस को डीरेकगनाइज करो और अमुक को रेकगनाइज करो। सवाल रेकगनीशन और डीरेकनीशन का नहीं है। सवाल श्रमिकों के काम और मजदूरी का है। वे सब सवाल हल करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। गवर्नमेंट के एक प्रतिनिधि के नाते मैं इस सब से बड़े हाउस में कह रहा हूं कि श्रमिकों के सब सही प्रश्नों को हल करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। मैं कह रहा हूं कि उनके बोनस, बदली, हाउस-रेंट कनवेयेंस एलांउस और बढ़े हुए वेतन आदि के प्रश्न हल किए जाएंगे।

[श्री शिव राज वी० पाटिल]

लेकिन ये प्रश्न कैसे हल करेंगे,जिससे मिलें बन्द न हों, क्या देना मौजू, दुरुस्त और वैधानिक होगा, क्या देने से मजदूरों को हमेशा के लिए काम मिलता रहेगा, यह निश्चित करने का काम सरकार ने अपने हाथ में नहीं लिया है बल्कि इस काम को सरकार ने एक कमेटी के हाथ में सौंप दिया है। उस कमेटी में कामदारों के, श्रमिकों के प्रतिनिधि बैठेंगे, इण्डस्ट्री के प्रतिनिधि बैठेंगे और सरकार के प्रतिनिधि बैठेंगे। हमने यह भी कहा हुआ है कि दो महीने के अन्दर एक रिपोर्ट दें और 6 महीने में यह प्रश्न हल किए जायेंगे। माडर्नाईजेशन के लिए हम क्या कर सकते हैं, वह भी एक साल में हम देखेंगे। (व्यवधान) लेकिन आप क्या कहते हैं? आप कहते हैं कि किसी को डीरिकग्नाइज़ करो और किसी को रिकग्नाइज़ करो। आपके जो प्रश्न हैं, वह श्रमिकों के हित में नहीं हैं। अगर वह श्रमिकों के हित में होते तो आप सामने आते और जो यंत्र हमने बनाया है उसको हवा में नहीं छोड़ देते। मैं यहां श्रमिकों के नाम पर अपील करता हूं, वे हमारे भाई हैं, उनके साथ हम रह चुके हैं, हम से ज्यादा उनको आप नहीं जानते हैं, उनको आप बहकायें नहीं, उनके सरल दिमाग से काम करने का फायदा आप मत उठायें। उनके काम पर आने के लिए और उनके सारे प्रश्न हल करने के लिए हमने कदम उठाया है, उसमें आप रोड़ा मत अटकायें, उनकी मजबूरी से फायदा मत उठायें। यदि आप उनकी मजबरी से फायदा उठाने की कोशिश करेंगे तो उससे आपको कोई लाभ नहीं मिलेगा। (व्यवधान)

आप कहते हैं कि श्रमिकों को पहले के दिनों में कुछ भी नहीं मिला है। उसके सम्बन्ध में मैं कुछ स्टैटिस्टिक्स यहां पर देना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि इससे भी ज्यादा अगर कुछ दिया जा सकता है तो वह भी हम देने के लिए तैयार हैं। श्रमिकों को पहले क्या मिलता था और आज क्या मिलता है यह आप देखें।

In the case of Government, the D.A. for workers per mensem has moved from Rs. 87 in 1974 to Rs. 296 in 1981. That is, there is a rise of 239 per cent. Similarly, the wages at minimum level of fresh recruit has risen from Rs. 522 in 1974 to Rs. 910 in 1981. That is 74 per cent rise. The average rate has gone up from Rs 647 in 1974 to Rs. 1,259 in 1981 a rise of 93 per cent.

फिर भी आप कहते हैं कि कुछ नहीं हुआ। म मानता हूं कि इससे ज्यादा भी अगर कुछ दे सकते हैं, देना जरूरी है तो उसमें भी कोई रुकावट नहीं होगी।

आप तो सिवाय उत्पादन रोकने के और कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। आप कम से कम हमारे देशवासियों पर मेहरबानी कीजिए और जिनका नाम आप ले रहे हैं, उन पर भी मेहरबानी कीजिए।

श्री सत्यनारायण जटिया : मंत्री जी को यहां पर यह घोषणा करनी चाहिए कि सरकार कब तक सारे मामले को हल करना चाहेगी। सरकार ने ऐसी घोषणा नहीं की है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Satytsadhan Chakraborty.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have not permitted you. There are four more Members. You have already taken 18 to 20 minutes. Please sit down.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): Mr Deputy-Speaker, Sir, I would request you not to interrupt.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You ask your friends first not to interrupt. I did not interrupt.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Mr. Deputy-Speaker. Sir, at the

very outset, I extend my warmest greetings to 2,50,000 textile workers who have been on strike despite starvation and terror that has been unleashed on them for the last nine months.

I condemn the Government because, in league with the mill-owners, in a calculated manner, they are trying to destroy the united movement of the textile workers of Bombay which demonsrates their anti-labour policy which has been amply expressed in this House, that is, the promptness with which they have passed the repressive laws to take away breath from the labour and to present them with bullet......

(*Interruptions*)

श्री सत्यनारायण जटिया सदन इतना गम्भीर मसला चल रहा है और सदन की स्थिति क्या है।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: This is their culture. Don't be agitated. When we speak about labour, this is what they do.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I am really astonished to see that, when thousands of workers are on strike, defeating all previous records in Bombay—the textile workers were on strike in 1982; the duration was 171 days—today when more than 2,50,000 workers are on strike for a period exceeding 9 months, involving 50 million man-days lost, when it is telling upon our export trade and export earning, when it has adverse repercussions on the cloth market, the Government refuses to express even its concern at what is happening in Bombay.

The hon. Minister, just now, was accusing the workers and thereby the leaders. I know what is in his mind. Why does he fail to raise his accusing finger at the mill-owners who are the persons responsible? He was talking about rise in wages. Is he aware of the fact that 1 lakh badli workers earn Rs 200 to Rs 250 per month and for years together they remain badli workers? The sword of Damocles of being retrenched is always hanging on their heads. Is he aware of that? Will he not sympathise with those 1 lakh badli workers who are brutally exploited by the mill-owners. Whom is he going to accuse for that?

When he talked of wage rise, may I tell him that it was only in 1979 that there was a wage rise of Rs. 45. After that, nothing has happened.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I have given you the figures.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I have also statistics with me. You say in your statement that there are no demands of the workers...

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: You give me now.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: You are firmly in wedlock with ignorance. I am giving you the demands. You know it. Do you think that this is for the first time that the workers are on strike? For your information, the answer is, no. In 1966, in 1974, in 1979 and in 1982, they were on strike. This time, the intensity and duration of the strike is much more but the demands are the same. Should I, just to educate you, tell you what are the demands of the workers? Very simple. One of the demands of the workers is about these 1 lakh badli workers. You must condemn this badli system whereby the factory owners avoid all factory laws and deny the rights to workers. These casual workers and badli workers are the worst exploited section of the working class.

Do you mean to say that you are not aware of the demands of the workers?

If you simply take the trouble of going into the history of the textile workers' movement in Bombay, you will find that on several occasions—it is not only in 1982—that the workers raised this point and your Government and your owners pay a deaf ear to their demands and take a hostile attitude of repression towards the workers.

Do you know the Leave Rules? I think you are aware of them. Do you know that in Bombay, in the major industries,

[Shri Satyasadhan Chakraborty]
the workers enjoy 50 days of leave, including paid holidays, earned leave and all that? For your information, the leave enjoyed by the workers in the textile industry is only 25 days. Is it not a flagrant violation of justice?

Should this not invite your attention for immediate intervention?

Why are you accusing the workers?

Why don't you raise your hand and why don't you accuse the bastions who are responsible for all these things, the employers, who have earned, amassed enormous wealth with the blood and sweat of the thousands of workers?

Why is it that you don't say anything about the millowners?

Do you want to know about the demands of the workers? Well compared to the minimum wages prevalent in major industries in Bombay, the minimum wage of the textile worker, is Rs. 300 less. Why should the workers accept this condition? When in the city of Bombay, the workers of major industries get minimum higher wages, why is it that the textile workers who are contributing by their sweat and toil all these years to the export earnings and huge profits of the owners, not get at least as minimum wage, the wage that their brothers are getting in major industries in Bombay? What is your answer?

Do you pay house rent to your Central Government employees? You do. But not to the adequate amount. I do not know whether you will be moved to learn that no house rent allowance is paid to the textile workers in Bombay! Have they committed any mistake? Are they obstructing your policies? Are they going against your productivity? When they demand that "We have a right to house rent allowance", and they have not yet stated the amount, but they say "You please come, sit across the table and let us talk", why do you refuse to talk? First of all, you say that their demands are unjust. And then you can refuse to talk. Can you say that their demands are unjust?

I would like to mention another point. You want to talk. Yes. You have a right to talk. You have a right to choose your rep esentatives. I do not mind. If the Rashtriya Mill Mazdoor Union is the real representative of the workers, you can talk to them. There is one Act, the Bombay Industrial Relations Act, 1949. It is because of that Act, this union has the monopoly of bargaining with the owners. And do you know what the workers say about this union leaders? The nnion leaders to get any job or anything done, pay money to the goondas and they are actively supported by the millowners. You please go to Bombay. I do not want to politicise it. You ask any worker about the terror tactics that are being adopted, because of their monopoly of power, because they are in league with the factory millowners, and you will know them.

Unfortunately, the union leaders and the mill management are also supported by the Government machinery.

This is for the first time that the workers raised their voice against it.

Shri Sharad Pawar, the Chief Minister, appointed a Committee to go through this Act. Do you know what is the interim report of the Committee? The interim report of the Committee precisely is this. The interim report of the Committee precisely is this that the workers will secretly choose their union and they should vote....

AN HON. MEMBER: How many questions he can ask, Sir?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: When Sharad Pawar was toppled—, this is the background—and when you come to power in 1980, you have done nothing about that committee. Their membership is manipulated and it is amply demonstrated. In the statement of the Minister, he has proclaimed that everything is normal. Yes, you have almost said it. Then what is the problem? The mills are open. Now according to the statement, how many workers have joined? Even I can doubt that statement. The Minister says and I accept it. 50,000 people. Then the majority of the workers are not supporting the Rashtriya Mill Mazdoor Union which is opposing the strike. Under what calculation does it become the representative union of the majority of the workers? You cannot conceal fact. You cannot hide fact. But

what exactly you are trying? To impose a union on the workers. The workers refused to carry your baby. But you are forcing that baby on the workers. Do you call it a democracy? . .

MR. DEPUTY-SPEAKER: You please put the question now.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: He was telling about the conditions of the workers. I am discussing the thing with all the seriousness that it deserves. Thousands of workers in Bombay and their families are starving. The nation has lost Rs. 2000 crores. The families of the workers are starving. You will be glad to know, as a trade-unionist, the solidarity that has been shown by the peasants. They are sending hundreds of bags of rice to the workers. The workers in Bombay of the banks, LIC, the dock, etc. are raising money and are supporting them. Have not you seen the popular upsurge in support of the striking workers? Is that not going to teach you a lesson? Are you going to teach the workers a lesson—only for the sake of prestige?

You were accusing us, the Members of the Opposition, of politicising the issue and of motive. What is your motive? You deny the majority of the workers to send their representatives to talk to you. Who are the persons indulging in politics? Precisely you, the government and the Members of the ruling Party and your members there.

What is their condition? It is a pitiable plight—I tell you. Some are going without food. Thousands have left their houses. Now tell me. Are these workers not citizens of our country? You may not like their manner. But have you any right to condemn them to poverty, starvation and death? Have you ever asked the millowners, "You come and sit. We want that this should be done." No. Have you invited the representatives? You may dislike it. I dislike this Government. But since I am in the Parliament, I talk to you and say. You may dislike. To settle the issue an appeal was made to the Prime Minister but the Prime Minister did not intervene. You yourself did not intervene. Now you established a committee. May I ask you who will sit in this committee as representative of the workers? You explain. Secondly, what are the terms of reference? Is there any time frame? Because as you know, just as in jurisprudence they say that justice delayed is justice denied, if procrastination takes place, how will you settle the matter? What is the prime need of the hour? Are you interested in a settlement? We are. Otherwise why should we bring in this call attention to invite your attention and go on hammering these points on you? We want you to immediately sit with the workers. Don't make it a prestige issue. Try to settle the issue. You also tell the sharks, these textile barons and go through the profits they have amassed and tell them that this is because of the toil and blood of the workers.

13 hrs.

They have to part with a part of it. We are accusing the Government just because you are not putting pressure on them. Finally, I would say this. The Minister was telling about the workers' productivity and all that. Sir, I am convinced that he has already gone through the labour statistics supplied by his own Government. Well, I would simply quote statistics from their sources. This is the labour statistics. Who are reponsible for the loss of production?

MR. DEPUTY-SPEAKER: You quote them.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I will quote. Who are responsible for the mandays lost? The man-days lost due to lock-outs were 78 per cent during 1976. 78 per cent of the man-days lost was due to lock-out alone. Mr. Minister you are accusing the workers; you are bringing in NSA, MISA and all the laws to stop there. I know what are the measures that you have taken. You are taking a way the bread of the workers. (*Interruptions*) What was the lock-out in 1980 when your mighty leader came to power? What was the percentage of lockout? 46 per cent of the total man-days was lost. Sir, the lock-out is a punishment to the workers compelling to starve and bend their knees so that they can touch the feet of the capitalists—the owners. The capitalists have chosen that path. But, what is your policy? You are in league with them and are accusing the workers. Have you accused any milowner? Please tell me that. You have not done it. They say that these strikes are for a political reason. Very good.

[Shri Satyasadhan Chakraborty]

I again say that you are formally in wedlock with the ignorance. I do not know how to extricate you. But, for your information, I can give you some statistics from 1977. (*Interruptions*) Don't be embarrassed. These facts are embarrassing but try to consume them.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, for 1977, this is the labour statistics which I quote from the Indian Institute of Management. Of all the strikes that took place—

Issue on wages	32.3 per cent
Bonus	15.2 per cent
Retrenchment	23 per cent
Leave and hours of work	2.2 per cent
Others	28.4 per cent

So, the issues are economics—bonus, retrenchment and the oppressive hours of work. Why do you try to bring in politics? On economic issues they are fighting; they are fighting against the exploitation. Before I conclude, I say Mr. Commerce Minister, you are still young, you go to Bombay and see the young textile workers.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is younger than you.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: May be; we are of the same age. You see they are militant; they are oppressive and they are young and militant textile workers of Bombay. So, whatever you give as a rise in wages it goes to the market and you lose the battle. Because of the rise in prices, his real wage goes down. This is the generation of young workers who would not take things lying down. They are fighting. If you are sagacious enough, to take the correct policy, you may partially solve it. But, if you do not do it, then the responsibility is yours. Now I ask:

When are you going to intervene? When are you going to sit with them? Are you going to go through the wage structure of them? Are you going to concede their demands? If they are legitimate, then it automatically follows that you have to see the representatives of the workers. Please do not make it a prestige issue; sit with them and settle the problem and save the workers..

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, the Professor has educated me. A friend of him has abused me. But, I am sorry for him. He has fallen in a trap. Sir, he says that I am accusing him and his colleagues for taking a political stand. If you say that this Government is anti-labour, should I not answer it? And, if I answer it, it becomes political. And, if you accuse me in that fashion, is it not political?

PROF. MADHU DANDAVATE: If you admit it, it is not political!

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I will be able to face only one Professor, not two. That will be difficult for me. (*Interruption*) I am saying all these things because I am distinguishing the important element involved in this trap from the unimportant element. Now, when I said that Professor has fallen in a trap, I have the proof with me to substantiate my statement. You know, on the very floor of this House we have said who would be the members of this committee. We have said that the Retired Chief Justice of Maharashtra High Court will be the Chairman; there will be 5 representatives of different trade unions.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): They have refused.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: There will be 5 representatives of the Industry. There will be 2 representatives of the Central Government. There will be 3 representatives of the State Governments. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Niren Ghosh, please hear it.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: As far as the trade unions are concerned we have invited AITUC and CITU also. AITUC has said that after the strike is over they will participate..

SHRI INDRAJIT GUPTA: No, no. They have not said. I am General Secretary. He should not misquote. He should read out my letter. So long as the strike continues there is no question of anybody joining this committee.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: That is exactly what I am saying.

SHRI INDRAJIT GUPTA: I never said, we will join after the strike.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Your version is more authentic. I am quarrelling.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Please read out my letter.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: My impression is, they are not prepared to join this committee till the strike is in existence. My impression is, they are going to join the committee after the strike is over. That is my interpretation. But, if your interpretation is different, it will be more authentic because it emanates from you, it does not emanate from me. I take whatever interpretation you put on it. I will not quarrel on it. The CITU has said that they are going to join; there are other trade unions who have given their representatives' names. Now you are not aware of this fact also and you are raising this issue on the floor of the House and you are asking as to what 'you have done' what 'you intend to do' and all that. Is it not falling in a trap? When you say I am 'wedded to ignorance', I would not pay back on the same coin. But what it is, if it is not that? You are asking me whether there are any terms of reference to this committee. Let me humbly say this. (*Interruption*) This is for Professor, my hon. friend over there.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now you listen.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I have said that there is a committee. I have explained the constitution of the committee. Now I would like to put before you the reference made to this committee. We have been very categorical, very clear, we have said without any ambiguity, that as far as house-rent is concerned, as far as conveyance, Badli issue and the problem relating to leave are concerned, they will be decided by this committee within a given time. Please mark 'given time'. And this 'given time' is 2 months. Yet, you are not prepared to join this committee and decide this issue within 2 months. Government has stated that as far as the problem relating to 'wage increase' is concerned we do recognise the problem. That is why the problem has been referred to a committee. Let the Committee decide these things in a scientific manner. Let the Committee give an award and we shall see that it will be implemented and this has to be done within six months time. Now, why this six months' time? There are mills in Bombay which are not doing equally well. There are some mills which are doing extremely well. There are some mills which are not doing so well. There are some mills—I am sorry to say—which are likely to be closed down because of the strike and because of the difficulties that have arisen in those mills. Our problem is to see that all mills continue running. If they are closed, the problem is that of providing employment to those people who would be thrown out. You will ask: Why the mills are closed? We know the mills are closed. The Government is running about 112 mills, sick mills. Even after sustaining a huge loss, the Government is running 112 mills. That is just to provide empolyment to those people who are working there. If the mills are closed down, it would be responsibility of the Government to see that the mills run and it is exactly for this reason we do want that wages should be given, wages should be increased. But how much increase can be allowed is a question which is to be scientifically decided. You asked me a question that if other workers in other industries could get good wages why the textile workers should not get good wages. Well, you are a trade union leader.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I am not.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: But at least you belong to a party which supports the cause of workers.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is a trade union leader of the Teachers' profession.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Now, the hon. Member on the other side has said why the same wages should not be given to the textile workers. We would very much like to give them the same wages. The question is: whether it is possible to give them the same wages. You shall have to understand the industry itself. Now, this is an old industry, the industry which is using the old instruments, old machines. This is the industry which came to India for the first time and since that

[Shri Shivraj V. Patil]

The D.M.K. Government constructed KARUNAI ILLAMS (Mercy Homes) for the orphans who were wandering in the streets of big cities. But for these Mercy Homes they would have become anti-social elements. The orphans were given real shelter in these Homes. They were given education, medical amenities etc. The AIADMK Government seems to have no mercy for the orphans. I say this because these Homes have become orphans and they are lying neglected by the State. The orphans have taken to the streets again. I demand that the Centre should have a national scheme like this for orphans in the country.

The D.M.K. Government also implemened the project of sheltering leper-beggars, who were wandering all over Tamil Nadu. The people were afraid to walk freely on the roads because of these leper-beggars. The D.M.K. Government constructed rehabilitation homes for these leper-baggars in each major city of Tamil Nadu. The Doctors were appointed in these homes to look after them. In addition to medical attention, they were given food clothing and shelter.

What do we see today? You go to Taj Mahal in Agra or you go to Banaras. You go to any famous temple in the country. The first sight is the line of leper-beggars. The foreign tourists are appalled by this sight, whether they get out of the airports or out of railway stations. The Government of India should pay attention to this important issue. I don't want the Centre to emulate the present AIADMK Chief Minister who is not concerned with such serious ailments of society. While he does not want to remedy them, he seems bent upon creating beasts of burden for the future, by attending to the brawn and not to the brain through his nutritious food scheme.

In many large cities, even today we see the human indignity in the form of hand pulled rikshaws. One human being is pulling the rikshaw in which another human-being is sitting. I am proud to say that in Tamil Nadu the D.M.K. Government abolished the hand-pulled rikshaws and gave freely cycle-rikshaws to all of them. Can there be a better social service scheme than this? We could not tolerate a man running barefoot on the street in midnoon with the human burden in his handpulled rikshaw. We abolished it. We rehabilitated the rikshaw-pullers. Such social atrocities should be abolished all over the country.

The D.M.K. Government effectively ran eye-camps for the rehabilitation of blind people in the State. The other Congress-governed States should implement such social welfare schemes.

Shri Lakappa has rightfully demanded the setting up of a monitoring committee to supervise the Central schemes being implemented by the States. I will take up the National Rural Employment Programme, which is to generate employment in rural areas. I do not know about other States. But in Tamil Nadu they do not reach the rural people. I would only say that this is gross misuse of power by the State Government. The ruling AIADMK men are deriving maximum benefit from this NREP scheme. The contracts under this scheme are given to inexperienced AIADMK partymen. The grains handed over to the State Government under this scheme do not reach the needy rural people. This must be looked into by the Central Government.

Two, three Central Ministers came to Tamil Nadu recently. Without knowing fully about the nutritious food scheme and how it is being implemented, they have commended the efforts of the Chief Minister of Tamil Nadu in this regard. The Chief Minister of Tamil Nadu is taking advantage of this and giving wide publicity to this for popularising himself and his party throughout the State. The scheme itself is a publicity stunt. He is being encouraged by the Central Ministers in that Shri Kamaraj Nadar introduced the Mid-day-meals scheme in the schools when he was the Chief Minister of State. After 1967

when DMK came to Government, Kalaignar Karunanidhi expanded this Middaymeals scheme by taking foodgrains from the international organisation CARE. Now the present Chief Minister of Tamil Nadu has transformed this into Nutritious Food scheme. He says that he is giving food to children. I do not say that the children should not be given food. But unfortunately the teachers, who are to teach, are engaged in cooking meals for the children. They come toschool at 10 A.M. and go to buy vegetables. They come back and start cooking rice. Then they serve the meals to the children. The whole day is taken in this by the teachers. As I told earlier, they care for the brawn and not for the brain of the children. I do not say in all places, but in many places, moth-eaten rice is cooked in the schools and that is eaten by the small children. Recently, a dead lizard was found in the *sambar* taken by the children. 100 children were admitted in the hospitals. Fortunately the children were saved from certain death. Whatever is being done, it should be done properly. The taxpayers' money to the tune of Rs. 150 crores—Rs. 150 crores, not an insignificant sum—is being spent annually on this nutritious food scheme. It is not as if the Chief Minister is spending from his pocket. The publicity-conscious Chief Minister of Tamil Nadu is being encouraged by the encomiums of the Central Ministers. It is like the exhibitor screening a bad film having been impressed by the publicity of that film. The Tamil Nadu Government is unfortunately in that position.

Lastely, the hon. Prime Minister has given prime of place for the abolition of bonded labour in the country. In the new 20-point Programme this has been given the first place. I would like to say that the bonded labour is in existence in the Congress-I governed northern States. From Tamil Nadu the contracts induce the workers by offering fancy wages to come to northern States and then they are converted into bonded labour. Recently a batch of senior Police force from Tamil Nadu came to Madhya Pradesh and released a large number of bonded labour and took them back to Tamil Nadu. This has come in almost all the newspapers of the country. The Central Government should take vigorous steps to abolish bonded labour in all the States in the country.

In conclusion, I support the demand of Shri K. Lakkappa for a monitoring committee to supervise the implementation of socio-economic programmes of the Central Government.

With these words I conclude my speech.

MR CHAIRMAN: Before I call another hon. Member to speak, I want to bring it to the notice of the hon. House that for this Resolution we had at our disposal today one hour and twenty-four minutes. The total time allotted was two hours, and thirty-six minutes had already been taken by the mover last time. We started today at 1522 hrs today and the time is almost over now. There are three more speakers on the list, and two more names have also been received. I have enquired from the Minister and he would require about 35 minutes. Then, the mover has also to reply. If everybody is allowed, this item will not be over today. At 1730 hours, we have the Half-an-Hour discussion. We have to finish it either by 1730 hours or it will go to the next session.

SHRI CHITTA BASU: Kindly extend the time by two hours more. It should go to the next session; it is an important resolution.

MANY HON. MEMBERS: Yes, Sir; kindly extend the time by two hours.

MR. CHAIRMAN: I take it that it is the sense of the House that the time allotted for this Resolution should be extended by two hours.

Shri Virdhi Chand Jain.

श्री वृद्धि चन्द जैन (बाड़मेर) : सभापति महोदय, श्री लकप्पा ने जो प्रस्ताव रखा है, मैं उसका समर्थन करता हूं। सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिये हमारे देश में अभी तक पांच पंचवर्षीय योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और छठी पंचवर्षीय योजना चल रही है, अवश्य ही हमने

प्रगति की है और विकास की ओर बढ़े हैं । पर जिस रफ्तार से जापान और जर्मनी, जो युद्ध में नष्ट हो चुका था, जैसे देश आगे बढ़े हैं, उस रफ्तार से भारतवर्ष आगे नहीं बढ़ सका है, अभी तक हम लोगों की न्यूनतम आवश्यकताओं की भी पूर्ति नहीं कर सके हैं ।

जैसे पीने के पानी का सवाल सबसे महत्वपूर्ण सवाल है और यह सब से न्यूनतम आवश्यकता है । हम अभी तक इस प्रश्न को हल नहीं कर सके हैं । हमारे देश में रेगिस्तानी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र और कई अन्य ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अभी तक पीने का पानी उपलब्ध नहीं है । इसके लिये जो कार्यक्रम बनाया गया है, उसका ठीक प्रकार से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है । इससे संबद्ध एजेंसीज और एक्जीक्यूटिव बाडीज को इस बारे में अनुभव नहीं है । वर्क्स एंड हाउसिंग डिपार्टमेंट के एडवाइजर ने जुलाई में एक सर्कुलर निकाला है, जिसमें सभी स्टेटस को बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत यह निर्देश दिया गया है कि हैंड-पम्पस की स्कीम को प्राथमिकता दी जाय, ताकि अधिक से अधिक समस्याप्रद गांवों की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके ।

मैं प्लानिंग मिनिस्टर से निवेदन करना चाहता हूं कि अगर केवल हैंड-पम्पस की स्कीम को लिया जाता है, तो रेगिस्तानी क्षेत्र का भविष्य बहुत अन्धकारमय हो जाता है, क्योंकि यह स्कीम केवल वहीं सफल हो सकती है, जहां 110, 120 फीट की गहराई पर पानी एवेलेबल हो । हमारे रेगिस्तानी क्षेत्र में तो पानी एवेलेबल ही नहीं है, और अगर है, तो वह 300, 400, 500 फीट की गहराई पर एवेलेबल है । वहां पर हैंडपम्पस की स्कीम कामयाब नहीं हो सकती है । मैं वह सर्कुलर प्लानिंग मिनिस्टर महोदय को प्रस्तुत कर दूंगा । उस एडवाइजर का नाम श्री वेणुगोपालन, पी एच, ई, वर्क्स एंड हाउसिंग है ।

मैं कहना चाहता हूं कि समस्याप्रद गांवों की तीन श्रेणियां बना दी जायें: प्रथम श्रेणी, द्वितीय और तृतीय श्रेणी, और जो गांव ज्यादा समस्याप्रद हैं, उन गांवों को प्राथमिकता दी जाय । जहां 1.6 किलोमीटर से अधिक दूरी से पानी लाना पड़ता है या 50 फीट से अधिक गहराई पर पानी हो, उसे समस्याप्रद गांव माना जाता है । इस प्रकार बहुत से गांव समस्याप्रद गांव की परिभाषा में आ गये हैं । लेकिन जिन गांवों की समस्या बहुत आसानी से हल की जा सकती है, उन पर जोर दिया जा रहा है और जिनकी समस्या कठिन है और जिन पर ज्यादा खर्चा होता है, उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जाता है । यू. पी. और बिहार में इस बारे में जो खर्चा होता है, रेगिस्तानी क्षेत्र में उससे 5 से 10 गुना अधिक खर्चा होता है । परन्तु इन क्षेत्रों को पीछे नहीं छोड़ देना है । इसलिये मैंने पीने के पानी की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है ।

ग्रामीण विकास के लिये इन्टिग्रेटड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम का बहुत ही महत्व है परन्तु इसका कार्यवन्यन ठीक प्रकार से नहीं हो रहा है । ऊंटगाड़ी के लिये जो पैसा दिया जाता है, उसमें वे कह देते हैं कि ऊंटगाड़ी खरीद ली लेकिन वास्तव में खरीदते नहीं है । इसी प्रकार से भेड़ों के संबंध में भी कह दिया जाता कि खरीद लिया लेकिन वास्तव में खरीदते नहीं हैं । इसके अलावा इस संबंध में जो 50 परसेंट सब्सीडी मिलती है वह भी नहीं मिल पाती है । उसमें भी एजेंसीज गड़बड़ करती है । बैंकों से जो पैसा मिलता है उसमें भी उनको कठिनाई का सामना करना पड़ता है । सरकार ने तो बहुत कोशिश की है पर

[श्री वृद्धिचन्द्र जैन]

इसे आप उन लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफल नहीं हो सकेंगे। मैं समझता हूँ कि इन कार्यक्रमों के लिये मानिटरिंग सेल्स की स्थापना होनी चाहिये अन्यथा यह प्रोग्राम सफल होने वाले नहीं है ।

तीसरी बात यह है कि देश में आप कितना भी आर्थिक विकास क्यों न कर लें, जब तक फेमिली प्लानिंग प्रोग्राम की ओर विशेष ध्यान नहीं जाये गा, तब तक विकास की गति अवरुद्ध रहेगी। फेमिली प्लानिंग प्रोग्राम की तरफ हमारा ध्यान गया है, राज्य कर्मचारियों का ध्यान भी गया है, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भी इसको समझा है तथा महलिायें भी इसको अच्छी तरह से समझने लगी है परन्तु इसके लिये महिलाओं को डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर आना पड़ता है क्योंकि पंचायत समिति और तहसील हैडक्वार्टर पर आपने कोई व्यवस्था नहीं की है । मेरा सुझाव है कि इस प्रोग्राम को युद्ध स्तर पर चलाया जाय और फेमिली प्लानिंग को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिये ।

चौथी बात यह है कि अनटचेबिलिटी दूर करने का जो हमारा प्रोग्राम है उस में हम अभी सफल नहीं हो पाये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जो सार्वजनिक कुएं हैं उन पर आज भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग पानी नहीं पी सकते हैं। यदि पीते भी हैं तो ऐसी जगह से पीते हैं जिस पर हमें शर्म आनी चाहिये । अतः सार्वजनिक कुओं से उनके लिये पानी लेने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिये । इसका विरोध भी होगा । यदि हमें छुआछूत को मिटाना है तो इस विरोध का मुकाबला हमें करना ही पड़ेगा। इसी प्रकार से आज भी उनका मंदिर प्रवेश नहीं हो पाता है। कहीं पर पुलिस फोर्स लेकर हमने मंदिर प्रवेश करवा दिया तो ठीक है लेकिन बहुत से मंदिरों में आज भी उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है ।

लैंड रिफार्म्स की जहां तक बात है इसका कानून इस प्रकार का है कि जिन किसानों के पास अधिक जमीन होनी है वे रद्दी से रद्दी जमीन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को देते हैं। साथ ही जो डिसप्यूटड जमीन होती है वह उनको मिलती है । वह जमीन अनएकोनामिकल होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधर नहीं सकती है और न उनका विकास हो सकता है । जो कानून बनाते हैं, उस में गाइडलाइन्स, डायरेक्शन कानून में आपको देनी चाहिए ।

डैज़र्ट डवेलपमेंट का कार्यक्रम जो कि डी० पी० ए० पी० का कार्यक्रम हैं, उसको समाप्त कर दिया गया है । सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम डी० पी ए० पी० का होना चाहिए। डेज़र्ट एरियाज़ में अकाल पड़ता है । डैज़र्ट डवेलपमेंट कार्यक्रम अलग है । इरिगेशन वर्क और रीजनल पाइप लाइन स्कीम डैजर्ट डवेलपमेंट कार्यक्रम में नहीं कहा जा सकता है । स्वामीनाथन ने जो रिपोर्ट दी है, वह हमारे क्षत्रों के लिए बहुत ही नुकसानदेह रिपोर्ट है । उससे हमारे क्षात्रों का बड़ा भारी नुक्सान होगा । ड्राउट प्रोन एरियाज़ का कार्यक्रम अलग है और यह कार्यक्रम अलग है । यह हिली एरियाज़ में लागू हैं, लेकिन रेगिस्तानी क्षेत्रों के लिए लागू नहीं है । डेजर्ट डवेलपमेंट प्रोग्राम की उपेक्षा की जा रही है । पांचवीं पंचवर्षीय योजना में हिल्ली

एरियाज के कार्यक्रम के लिए 170 करोड़ रुपये दिए हैं और छठी पंचवर्षीय योजना में 560 करोड़ रुपया कर दिया गया। डैजर्ट डवलपमेंट कार्यक्रम भो उतना ही विशाल है। 100 करोड़ रुपया पहले रखा गया था, इसको भी 400 करोड़ रुपया का प्रोग्राम बनाना चाहिए। अन्यथा यह शक्तिशाली नहीं होगा। ये लोग विकसित नहीं हो सकते हैं। पिछड़े के पिछड़े ही रहेंगे। मैं यह भो कहना चाहता हूं कि यह सीमावर्ति क्षेत्र हैं। इनकी आर्थिक स्थिति का मजबत करने के लिए डैजर्ट डवलपमेंट प्रोग्राम क: राशि का आपको बढ़ाना चाहिए और मिड टर्म एप्रेजल पर इस राशि का बढ़ाने को कोशिश करें।

इन शब्दों के साथ मैं अपनो बात समाप्त करता हूं।

श्री त्रिलोक चन्द्र (खुर्जा) : अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझ इस पर बोलने के लिए समय दिया।

श्री लकप्पा जी का जैंउा कि प्रस्ताव है—सामाजिक आर्थिक कार्यक्रम के रहते हुए एक दिशा निदेशक निकाय स्थापित किया जाए। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि पूरा देश प्लानिंग, निकाय, फैडरेशन और एसोसिएशन के आधार पर चल रहा है। चाहे वह कोई भी विभाग हो। सब के एक निकाय बने हुए हैं। इसमें मोनेटरिंग करने के लिए प्लानिंग डिपार्टमेंट है, उनके लिए एक निकाय और तैयार किया जाए। अगर लकप्पा जी का निकाय बढ़ाने का सुझाव है, ता मैं सोचता हूं कि यदि यह प्लानिंग पर होता, जो हमारा प्लानिंग है, उस पर विचार करने के लिए है, तो ज्यादा अच्छा होता। लकप्पा जी कहेंगे कि प्लानिंग कमीशन को पूरा एहसास है। तो मैं यह कहना चाहता हूं कि 1952 से आज तक कभी भो प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट पर बहस नहीं हुई है। जा देश को सर्वोच्च संस्था है, यह सर्वशक्तिमान हाउस है, जो प्लानिंग कमीशन जिस चीज को तैयार करता है, वह हाउस के सामने आनी चाहिए, लेकिन हाउस के सामने प्लानिंग कमीशन का रिपोर्ट की तरह नहीं आती है। वह जब भा आती है, वह किसी डिपार्टमेंट के माध्यम से, इस डिपार्टमेंट का इतना एलाट किया।

हम प्लानिंग कमीशन को लेते हैं, निकाय बनाने से या 20 प्वाइंट प्रोग्राम कोई ऐसी वाईबल नहीं है, जिसके छू-मन्तर से गरीबी, बेरोजगारी, अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार आदि सब खत्म हो जाएगा। ऐसी कोई बात नहीं है। श्री लकप्पा जी का जो भाषण पहले 13 अगस्त का हुआ था, वह मैंने सुना था। उसमें उन्होंने कहा था कि सोलह आने लाला फीताशाही और नौकरशाही का दोष है और उसकी मनिटरिंग करने के लिए एक निकाय स्थापित किया जाना चाहिए। मैं इंकार नहीं करता कि लाल-फीताशाही का नौकरशाही का दोष नहीं हो सकता है। लेकिन सौ प्रतिशत दोष इस मुल्क में नौकरशाहो का ही है, यह मैं मानने का तैयार नहीं हूं। नौकरशाही हमारे मुल्क में दिशा निर्देश नहीं करती है। इस मुल्क में दिशा निर्देश मंत्रिमंडल और पार्लियामेंट करती है। लेकिन हमारे यहां दोष नौकरशाही का ही बता दिया जाता है। यह उल्टी बात होती है।

हमारे यहां प्लानिंग कमीशन कांस्टीच्यट होता है। जो लोग उसमें होते

[श्री त्रिलोक चन्द]

हैं वे विद्वान् होते हैं, हाईली क्वालिफाईड होते हैं, देश-विदेश के पढ़े लिखे लोग होते हैं और अपनी नालिज का लाभ मुल्क का देते हैं। लेकिन वे यह नहीं जानते कि पैदल कैसे लोग चलते हैं, गरीबी कैसी होती है। एक आई० ए० एस० का लड़का इंग्लैण्ड और अमेरिका जा कर पढ़ सकता है, उसे सारी जानकारी हो सकती है लेकिन ज़मीन की वास्तविकता क्या है, उसकी जानकारी उसको नहीं है। इसी प्रकार प्लानिंग कमीशन में जो लोग बैठे हैं, वे बहुत योग्य हैं लेकिन अकेले योग्यता के दम पर ही मुल्क को समस्या का निदान नहीं हो सकता जब तक कि मूल समस्या को हम नहीं समझें।

कुटीर उद्योगों और छोटे उद्योगों की बात बहुत की जाती है कि इनको पनपना चाहिए। गरीबी दूर करने के लिए आज बहुत सी स्कीमें हैं। जैसा कि जैन जी जिक्र कर रहे थे, एक आई० आर० डी० स्कीम है, लघु फार्मर, स्माल फार्मर आदि को न जाने कितनी स्कीमें हैं। मैं आप से पूछना चाहता हूं कि क्या कभी आपने इनके बारे में सोचा है, विचार किया है ? आपने छोटे उद्योग खोलने के नाम पर गांव के एक आदमी को पांच हजार रुपये दे दिये और उससे कह दिया कि जाओ साबुन बना कर बेचो। लेकिन उसका साबुन खरीदेगा कौन ? जब रोज टाट और बाटा के रेडियो पर विज्ञापन आयेंगे और उनके साबुनों का प्रचार होगा तो उस गांव के आदमी का साबुन कौन खरीदेगा ? इस प्रकार छोटे और कुटीर उद्योगों में जो सामान तैयार होगा वह इस मुल्क के बड़े बड़े घरानों के सामान के मुकाबले में कहां बिकेगा ?

कहा गया कि भैंस के, बैल के और ऊंट के फ़र्जी सर्टिफ़िकेट बन जाते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपने गांव के आदमी को भैंस खरीदने के लिए या गाय खरीदने के लिए पांच सौ या एक हजार रुपये दे दिये। अब वह उसका दूध निकालेगा तो गरीब आदमी तो उसका उपयोग करेगा नहीं। कभी आपने सोचा है कि एक गरीब आदमी को भैंस मिल गई है, उसने उसका दूध निकाला है लेकिन वह उस दूध को कहां बेचेगा ? क्या होगा कि भैंस या गाय तो गरीब के नाम हो गई लेकिन उससे जो दूध निकलेगा उसका मुनाफ़ा मिडिलमेन खायेगा। क्या आपके पास उसके दूध की बिक्री के लिए कोई गवर्नमेंट की स्कीम है ? आप ऐसी स्कीम चला कर सोचते हैं कि हमने तो गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा कर दिया। भैंस के लिए आदमी ने कर्जा लिया और भैंस मर गई तो वह तो हो गया कर्जदार। इसी तरह से भैंस तीन महीने दूध देती है। चौथे महीने जा कर दूध देना बन्द कर देती है। अब वह कहां से किश्त दे ? भैंस ने दूध देना बन्द कर दिया है, अब उसके पास आय का जरिया रहा नहीं तो उसने भैंस का औने-पौने दाम में बेच दिया। इस से उस पर कर्ज और लद गया।

आप कहते हैं कि हम गरीबी दूर कर रहे हैं, मेरा पूरा अनुभव है कि गरीबी और बढ़ रही है। यह हो सकता है कि गरीबों में से हम कुछ लोग निकल कर मालदार हो गये हों, मगर गरीब आज गरीब ही है। गरीबी और बढ़ रही है और हर जगह पहुंच रही है। जब प्लानिंग की चर्चा होगी, तब भी मैं बोलूंगा आप कहते हैं कि बेरोजगारी दूर होगी। बेरोजगारी दूर नहीं हो सकती। जिनके बाप या रिश्तेदार नौकरी में होंगे, उनके

लड़के नौकरी पा सकेंगे, दूसरे नहीं पा सकेंगे। आपके यहां जो शिक्षा प्रणाली है, उसके आधार पर गरीब आदमी का बेटा किसी बड़ी सर्विस में कभी नहीं जा सकता। एक बच्चा दिल्ली के कान्वेंट स्कूल में पढ़ता है और दूसरा गांव के प्राइमरी स्कूल में जहां टाटपट्टी नहीं है, शिक्षक नहीं है, उन दोनों को आप कंपीटीशन में बिठाएंगे तो उनका आपस में क्या मुकाबला है। यह तो वही बात है कि एक आदमी को आप बंदूक ले कर पेड़ पर बिठा दें और दूसरे को ढेला लेकर नीचे खड़ा कर दें, उन दोनों का क्या मुकाबला हो सकता है। इसलिए इस सिस्टम को आप बदलें। प्लानिंग कमीशन ने जो योजनाएं बनाई हैं वे उसी तरह की हैं जैसे लोमड़ी को अंगूर दिखाई तो देते थे, लेकिन वह उनको खा नहीं सकती थी। इसी तरह से हमको कहा जाता है कि आप देखिए, कितनी अच्छी-अच्छी योजनाएं हैं, लेकिन हम उनका लाभ प्राप्त करने के लिए तड़प रहे हैं कि हमको भी कुछ मिले। आप इस तरफ़ बारीकी से नहीं सोचते हैं।

प्लानिंग कमीशन में बड़े-बड़े विद्वान बैठे हैं। हम उनकी काबलियत को मानते हैं, लेकिन इस मुल्क को ज्यादा काबलियत की जरूरत नहीं है। इस मुल्क को ऐसे लोगों की जरूरत है जो जमीन पर रहते हों।

बेरोजगारी दूर करने के लिये आपने आई० आर० डी० पी० बना दिया, लेकिन क्या इससे किसी लड़के को रोजगार मिलेगा? कभी नहीं मिलेगा। फिर आप कहते हैं कि अनुशासन-हीनता बहुत बढ़ गई है डकैतियां और चोरियां बहुत हो रही हैं। सभापति महोदय, 20 से लेकर 40 साल तक की उम्र काम करने की होती है। 50 साल के बाद इन्द्रियां शिथिल हो जाती हैं। 20 से 40 साल की उम्र में अगर काम नहीं मिलेगा तो कहां गया आपका प्लानिंग कमीशन, कहां गये हमारे विद्वान। बड़ी तारीफ की जाती है उनकी। कभी बीस सूत्री कार्यक्रम बनाया जाता है, लेकिन जो करोड़ों नौजवान मारे-मारे फिर रहे हैं, वे क्या करेंगे? अभी तिनसुखिया मेल में एक एम० पी० के साथ घटना हुई, वे कोई बहुत बड़े डाकू नहीं थे। जो लड़के बे-रोजगार हैं, वे क्या करें? क्या आपके पास कोई चारा है? लड़के आपके हों, मेरे हों या किसी के भी हों, अगर बेरोजगार रहेंगे तो कुछ न कुछ जरूर करेंगे। हमारे यहां एक कहावत है "खाली दिमाग शैतान का घर" बच्चे खाली रहेंगे तो कोई न कोई खुराफात सोचेंगे।

लकप्पा साहब ने कहा कि योजना तो ठीक बनती है, लेकिन उसका कार्यान्वयन ठीक से नहीं होता। मैं तो इतना जानता हूं कि सरकार का योजना बनाने का वही ढांचा चला आ रहा है, उसने कभी उसमें परिवर्तन करने की बात नहीं सोची। प्लानिंग का कोई रिजल्ट निकलना चाहिये। 1952 से कोई रिजल्ट नहीं निकल रहा है तो इसके ढांचे को बदलना चाहिये। इसके ढंग को बदलना चाहिए।

लकप्पा साहब कहते हैं कि सारे कार्यों की देखरेख के लिये एक मानेटरी सेल बना दिया जाये। एक अलग से निकाय बना कर इस कार्य को तेज किया जा सकता है, ऐसी बात नहीं है। आपके पास ड्राइवर हैं, सब ड्राइवर हैं, बहुत अच्छे हैं, अफसर बहुत अच्छे हैं।

यह दोष है तो आपकी प्लानिंग का है। आपकी प्लानिंग ठीक नहीं है आपके प्लानिंग कमीशन में जो लोग बैठे हुए हैं, उनमें विद्वता है, ठीक है

[श्री त्रिलोक चन्द]

लेकिन दोष कहीं पर जरूर है। वह बारीकी से, गहराई से इस मुल्क की प्राबलम को नहीं समझ रहे हैं।

इन शब्दों के साथ मैं लकप्पा जी की भावनाओं की कद्र करता हूं, उनके मन में टीस हो सकती है, इस समाज के प्रति, इस देश के प्रति कि वहां प्रगति हो गरीबों की। लेकिन इस प्रस्ताव से मुझे नहीं दिखता कि गरीबों को इससे फायदा होगा। हमारे यहां कमेटियां बनती हैं, टी०ए०डी०ए० लेने के लिए, उनमें किसी में ताकत नहीं है सिवाय घूमने-फिरने के, और कोई काम हमको नहीं दिखाई देता। इन शब्दों के साथ मैं आपका आभारी हूं।

श्री भोगेन्द्र झा (मधुबनी) : यह प्रस्ताव श्री लकप्पा जी ने रखा है और इससे एक बार सदन को विचार करने का अवसर दिया है कि जो भी कार्यक्रम हमने अपनाये हैं उनका क्रियान्वयन तीव्र गति से हो, उनमें वांछित उद्देश्य की पूर्ति हो। सभापति जी, इससे मूल सवाल का समाधान तो नहीं हो सकता है क्योंकि हमारे जो भी कार्यक्रम हैं, वे वर्तमान शोषण की व्यवस्था को मानकर के बने हुये हैं। यह व्यवस्था वह है जहां सब चीज धन पर आधारित है। विद्या धन से बिकती है, न्याय धन से बिकता है। मैं भ्रष्टाचार की बात नहीं कर रहा हूं। भारत के संविधान के मुताबिक बगैर पैसे के हम न उच्च न्यायालय में, न सर्वोच्च न्यायालय में और न जिला न्यायालयों में जा सकते हैं जहां इलाज बिकता है, डाक्टर बिकते हैं, दवा बिकती है, हर माल मिलेगा 6 आने, यह हमारा सामाजिक आधार है जहां धन पर सब कुछ बिकता है। धन उसके पास ज्यादा है जो पैदा नहीं करता है और जो पैदा करता है, वह किसी तरह जी ले यही बहुत है।

सभापति जी, इसी पर आधारित हमारा सामाजिक रूप भी है। समामजिक व्यवस्था भी हमारी है? पहले यह बात नहीं थी। भारत के प्राचीनतम इतिहास के दौर में अमीर गरीब में समाज नहीं बंटा था, तब जाति के रूप में समाज नहीं बंटा था। उस समय न छुआछूत की बात थी, न अमीरी गरीबी की बात थी जिसको समाज विज्ञान में हम आदिम साम्यवाद कहते है। अपने प्राचीन ग्रंथों में जिसे कृत युग या सतयुग कहा गया, जहां एक ही ऋषि की संतान में बाह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र सभी थे पेशे के मुताबिक और जहां धन के बारे मे नियम था—

"यावत् भ्रियते जठरं तावत् तत्वमति देहिनां
अधिक योगे मन्येत————"

जो पेट भरने तक पर ही सबका अधिकार है जो उससे ज्यादा धन का दावा करता है, वह चोर है चोर दंड का भागी है, तो यह आर्थिक कानून भी था। जबसे समाज में विषमता आई, अमीरी गरीबी आई और उस अमीरी के शोषण की रक्षा के लिये इस बात की आवश्यकता पड़ गई कि राज सत्ता की तकदीर पैदा की गई, तकदीर लिखने वाले को जन्म दिया गया और जन्म पर आधारित जाति व्यवस्था कायम हुई जिससे कि धन का उत्पादन करने वाला धन का उपभोग नहीं कर सके। यह कोई धार्मिक परम्परा नहीं है। यह परम्परा है जिसको समान्ती समाज ने चलाया। अब भी हमारे समाज में सभी बातों में छुआछुत नहीं है। हल वही जोतेगा जिसको अछूत कहा जाता है, फसल वही पैदा करेगा जिसको अछुत कहा जाता है, फसल को काटकर वही लायेगा जिसको अछूत कहा जाता है,। मगर, खाने के वक्त में उसको अलग रहना है, उससे अछूत लग जायेगा। अन्नदाता के हो अन्न को अछूत

लग जायेगा । इसीलिये यह शोषण को धन पैदा करने वाले को अपना पैदा किया हुआ धन भोगने से अलग रखने का बहुत ही सोचा हुआ टिकाऊ और निकृष्ट तरीका निकाला हुआ है । इसीलिये समाधान भी जब करें तो सवभावतः हम आर्थिक आधार को हिलाये बगैर, शोषण के आधार को तोड़े बगैर सामाजिक विषमता को नहीं मिटा सकते हैं। क्योंकि हम देख रहे हैं कि जो भी थोड़ा विकास हुआ है गांवों में, जो जमींदारों से तबाहये, किसान कुछ खुशहाल हुये हैं। लेकिन वह खुद शोषक बन गये हैं। घर जलाना, अत्याचार करना खेत मजदूरों पर वही लोग आम तौर से कर रहे हैं जो कल तक जमींदारों के जुल्म के खुद शिकार थे। इसलिये मैं कहना चाहता हूं यह सदन इस बात पर विचार करे कि मूल पर कैसे चोट कर सकते हैं, शोषण के मूल पर, सामाजिक और आर्थिक शोषण के मूल पर।

यह सही है कि आरक्षण दे कर पददलितों को अधिकारी बनाते हैं तो समाज में उनकी प्रतिष्ठा होती है। कुछ हद तक जो छुआछुत अपमानजनक तरीका है उसमें कमी आती है उनके लिये। मगर उसी हद तक अपने तबके में जिसमें पैदा हुये हैं उसके लिये वह खुद शोषक बन जाते हैं। वह भी टिकाऊ रूप पकड़ रहा है। और उससे पूरा फायदा नहीं हो पाता है उस तबके को भी। इसीलिये वहां के सामाजिक और आर्थिक आधार को मिला कर चलने की आवश्यकता है। अपने देश में औद्योगिक विकास के चलते और भी परेशानी आती हैं। वह चाहे कारखानों में काम करने वाले हों या कहीं और काम करने वाले हों, उनका जमीन से रिश्ता जुटा हुआ है। स्वयं खेती नहीं कर पा रहे हैं। और इस तरह से गैरहाजिर खेतिहर कम जमीन वाले के विचारों के व्यवहारों के शिकार होते हैं, और इसका सामना मजदूर और कर्मचारी आन्दोलनों का सामना करने वालों को करना पड़ता है। और मुझे देखने को मिला है। हमें अगर कारखाने के मजदूर, उनकी महंगाई भत्ते के लिये, रोजी के लिये और अन्य मांगों के लिये अगर पहनाते हैं, अगर माला मेरा इलाका है तो कहते हैं कि अपने इलाके के छोटे लोगों की मांगें ज्यादा पेश करते हैं। और यह मुझे कलकत्ता, बम्बई, दिल्ली, टाटा नगर और हटिया में सुनने को मिलता है। क्योंकि उन्होंने 1 एकड़ जमीन खरीद ली है इसलिये एक आदमी पर एक काम का रिवाज चले इस देश में इस पर हमें विचार करना चाहिये। नहीं तो मेरे पास 15 एकड़ जमीन हो और वह बेकार है, उसे काम चाहिये, काम दीजिये और इससे खेती मारी जायेगी और ऐसे लोग गैर हाजिर खेती करेंगे तो मजदूरों पर अत्याचार करेंगे और अर्ध सामन्ती तरीका उसे अपनाना पड़ता है। इसलिये एक व्यक्ति को एक काम का तरीका अगर हम न अपनायें तो न आर्थिक और सामाजिक विषमता दूर कर सकते हैं और न बेकारी की समस्या कम कर सकते हैं।

बहुत से माननीय सदस्यों ने आलोचना की जो भी हम अपनाते हैं उसका कार्यान्वयन नहीं हो पाता है। कुछ अधिकारियों पर दोष दें, इसमें शक नहीं कि अधिकारियों का बड़ा भाग इसके लिये जिम्मेदार है। हम अपने पर दोष लें तो इसके लिये मंत्री, संसद सदस्यगण जिम्मेदार हैं। मगर समाधान क्या हो ? सदन इस बात पर विचार करे। हमारे सांस्कृतिक तरीके में कोई सुधार की आवश्यकता है ताकि चुने हुये प्रतिनिधि अपने काम और क्षेत्र के प्रति जिम्मेदार हों। अभी ऐसा नहीं है। इस लिये कुछ सदस्य समझते हैं कि ऐसी बातें बोल दो जो अखबारों में छपें। और पूंजी-

[श्री भोगेन्द्र झा]

पति अखबार वही छापेंगे जो उनके हित में है ।.......

सभापति : आप अपना भाषण अगले सत्र में जारी रखें जब भी विचार के लिये समय आये ।

माननीय राम विलास पासवान जी आप आधे घंटे की चर्चा प्रारंभ कीजिये ।

17.30 hrs

HALF AN HOUR DISCUSSION

SUGARCANE ARREARS

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, आज की आधे घंटे की चर्चा ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर है । जो किसानों से संबंधित है । राव साहब स्वयं भी अच्छे किसान हैं । इन्होंने जो जवाब अतारांकित प्रश्न सं० 112 का 4 अक्तूबर को दिया है, यह चर्चा उससे संबंधित है । इस प्रश्न में सरकार से पूछा गया था कि—

उत्तरी तथा दक्षिणी क्षेत्र में आने वाले गन्ने की पेराई के मौसम का गन्ने की पेराई का कार्य को-ओपरेटिव तथा गैर-सरकारी मिलों में कब तक शुरू हो जायगा ?

इसका उत्तर मंत्री महोदय ने बड़े विस्तार से दिया है ।

दूसरा इनसे पूछा गया था कि उक्त दोनों क्षेत्रों में पृथक-पृथक प्रत्येक यूनिट पर 15-9-82 को गन्ना उत्पादकों की किस किस वर्ष की कितनी धनराशि बकाया है ? इसके संबंध में भी मंत्री महोदय ने जवाब दिया है । इन्होंने बतलाया है कि 1980–81 और 1981–82 में विभिन्न राज्यों में, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार के राज्य हैं जहां काफी संख्या में बकाया है ।

तीसरा प्रश्न इनसे पूछा गया था कि गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 के अनुच्छेद 3(क) के अन्तर्गत प्रत्येक मिल को 15 सितम्बर, 1982 को ब्याज की कितनी धनराशि देनी है ?

इसके उत्तर में इन्होंने कहा कि केन्द्रीय सरकार के पास अपेक्षित सूचना तुरन्त उपलब्ध नहीं है और उसे राज्य सरकार से प्राप्त करना होगा । मैं समझता हूं कि अब जब मंत्री महोदय जवाब देंगे तो निश्चित रूप से राज्य सरकार से इनके पास जवाब आ गया होगा ।

लास्ट में इनसे पूछा गया था कि क्या लोगों के प्रतिनिधियों और संसद सदस्यों ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है और यदि हां, तो अब तक क्या कार्यवाही की गई है और उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

इसके जवाब में मंत्री जी ने कहा है कि संसद सदस्यों द्वारा गन्ने के मूल्य के बकाया और ब्याज के भुगतान के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है । संबंधित राज्य सरकारों के साथ यह मामला उठाया गया है । इसके अलावा उद्योग को अतिरिक्त बैंक उधार भी उपलब्ध किया गया है और रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों से गन्ने के मूल्य के भुगतान पर निगरानी रखने के लिये कहा है ।

मुख्य प्रश्न यह है कि जो गन्ने के उत्पादक हैं, किसान हैं, जिनकी हम लोग और सरकार

बहुत दुहाई देते हैं, उसकी समस्या और बकाया राशि के संबंध में है ।

मैं मंत्री महोदय की डिबेट को देख रहा था, इन्होंने दूसरे सदन में नवम्बर, 1980 में जवाब दिया था और कहा था कि 1980–81 तक उनके पास जो टोटल बकाया है किसान का वह नाममात्र का रह गया था ।

एक प्रश्न के जवाब में 4 अक्तूबर को मंत्री महोदय ने कहा है जो कि उससे भिन्न है । इस प्रश्न में पूछा गया था कि 15–9–82 को गन्ना उत्पादकों की किस किस वर्ष की कितनी धनराशि बकाया है ? इसके उत्तर में मंत्री महोदय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के को-आपरेटिव और सरकारी क्षेत्र में कुल मिलाकर 1111 लाख बकाया है । जिसमें 1930-81 और 1981–82 दोनों का शामिल है । लेकिन 19–7–82 को अतारांकित प्र० सं० 1707 में लोक सभा में कहा है कि 31–5–82 तक किसानों का बकाया है 20,149.65 लाख यानी 200 करोड़ से अधिक है । इसी प्रश्न के एक भाग के उत्तर में मंत्री महोदय ने बताया है कि 1980–81 में किसानों का मात्र 685.10 लाख रुपया बकाया है । मतलब यह है कि 1980–81 में किसानों का कुल बकाया 6 करोड़ था, वह वर्ष 1981–82 में बढ़कर के 200 करोड़ हो जाता है, यह कितना गम्भीर विषय है । मंत्री महोदय ने स्वयं अपने उत्तर में इसे माना है । केवल उत्तर प्रदेश में किसानों का 10,210 लाख रुपया बकाया है, बिहार में 2,223.76 लाख रुपया बकाया है, हरियाणा में 589.86 लाख रुपया बकाया है, पंजाब में 591.10 लाख रुपया बकाया है, महाराष्ट्र में 2,637.30 लाख रुपया बकाया है, गुजरात में 561.79 लाख रुपया बकाया रहता है, कर्नाटक में 699.35 लाख रुपया बकाया रहता है और इसी तरह तामिलनाडु में 1,299.89 लाख रुपया बकाया रहता है । छोटे से प्रदेश नागालैंड में 42.95 लाख रुपया बकाया है । और भी छोटे-छोटे प्रदेशों में राशि बकाया है । एक दूसरे प्रश्न के अनुसार यदि हम दो-तीन राज्यों को ही लें लें, जहां पर किसानों का काफी पैसा बकाया है, जिसमें उत्तर प्रदेश आता है, जहां पर 272.75 लाख रुपया बकाया है, बिहार में 223.76 लाख रुपया बकाया है । वहीं यदि आप 1980–81 के आंकड़े देखें तो वे 63.29 लाख हैं ।

इसी प्रकार इन्होंने 4 अक्तूबर को 112 प्रश्न संख्या के उत्तर में यद्यपि काफी लम्बे चौड़े आंकड़े दिए हैं, लेकिन मैं समझता हूं कि उन फीगर्स में और इन फगर्स में काफी अन्तर है । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय अपने उत्तर में स्थिति स्पष्ट करें कि 4 अक्तूबर वाले आंकड़ों और इस समय के आंकड़ों में समानता क्यों नहीं है । वास्तविकता क्या है, वे आपस में टैली क्यों नहीं कर रहे हैं । बिहार में सहकारी क्षेत्र की ओर बकाया राशि के आंकड़े इन्होंने 1111.6 लाख रुपये बताये हैं जब कि गैर-सरकारी बकाया का योग 4398.23 लाख कहा है । इसमें वर्ष 1980–81 और 1981–82 दोनों के आंकड़े हैं । यदि हम 1981–82 के आंकड़ों को देखें तो इन्होंने गैर-सरकारी क्षेत्र को मिलों की तरफ 4049.63 लाख रुपया तथा सहकारी मिलों की तरफ 1100.34 लाख रुपया बकाया की बात कही है ।

[श्री राम विलास पासवान]

यह उत्तर प्रदेश में किसानों के बकाये का ब्यौरा इन्होंने दिया है ।

बिहार के संबंध में, यद्यपि इन्होंने अलग-अलग बतलाया है । बिहार में सहकारी क्षेत्र में कोई बकाया नहीं है, लेकिन गैर-सरकारी क्षेत्र में मिलों की तरफ किसान के बकाये की राशि इन्होंने 1980–81 वर्ष में 1379.90 लाख रुपये बताई है और वर्ष 1981–82 में 1412.77 लाख रुपया । मैं मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि 1980 में जब आप सरकार में आये थे तो आपने किसानों को यह कह कर आश्वस्त किया था कि अब तक उनके साथ जो लूट होती रही है, उसको बन्द किया जाएगा और आप किसान के हित में खून देने को भी तैयार हैं । आज आप ने जिस तरह के आंकड़े सदन के सामने रखे हैं, क्या उससे आपके उस आश्वासन की पुष्टि होती है। आपने ही नहीं, हमारी सुप्रीम मिनिस्टर, प्रधानमंत्री महोदया ने भी किसान रैली में यह बात कही थी कि हम उनके हित में खून देने तक के लिये तैयार रहेंगे । आज मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि आपको सरकार में आये दो साल गुजर गये और इन दो सालों में किसानों की पिछली बकाया राशि में उत्तरोत्तर वृद्धि क्यों होती जा रही है । पहले वह बकाया की राशि 685 लाख थी, इस वर्ष बह बढ़ कर 200 करोड़ रुपये कैसे हो गई । इसके लिये कौन जिम्मेदार है । क्या यह किसानों को खून देने की बातें आप कर रहे हैं या किसानों से खून लेने की बात की जा रही है ।

सभापति महोदय, यदि आप इस में देखेंगे तो सब क्षेत्रों में कुछ न कुछ राशि किसानों की बकाया है, कोआपरेटिव क्षेत्र में भी और दूसरे क्षेत्र में भी । उसमें हर वर्ष बढ़ोत्तरी होती चली जा रही है । इससे आप इस विषय की गम्भीरता को समझ सकते हैं । किसान की कितनी लूट हो रही है । आज जब चारों तरफ अकाल की काली छाया पड़ी हुई है, आज उसी परेशान किसान का 200 करोड़ रुपया सहकारी मिलों की तरफ बकाया है । यह सरकार की नियत को स्पष्ट करता है कि सरकार उनके प्रति कितना चिंतित है । मैं हमेशा कहता हूं कि शूगर लाबी, चीनी मिलों की लाबी, सरकार को कन्ट्रोल करती है, जिसके कारण किसान बेचारा मारा जा रहा है । 19 जुलाई, 1982 को प्रश्न संख्या 1707 के उत्तर में सरकार की ओर से कहा गया था : "कुछेक राज्य सरकारों ने रिबेट भी दिया है और चीनी मिलों द्वारा खरीदे गये गन्ने पर कर/उप-कर वापस किया है । कानून में गन्ने की खरीदारी करने के 14 दिनों के बाद के बकायों पर 15 प्रतिशत की दर पर ब्याज देने की व्यवस्था है ।"

मैं जानना चाहता हूं कि यह जो 200 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है, इस पर कितना ब्याज है, कितने ब्याज की वसूली हुई है, कितनों पर मुकदमा चल रहा है और कितनों के खिलाफ शो काज़ नोटिस जारी किया गया है ।

मेरे जैसा आदमी यह नहीं कह सकता कि सिर्फ किसान को ही राहत दी जाये, भले ही उपभोक्ता पर उसका असर पड़े या नहीं । मैं यह तो नहीं कहता कि मिल-मालिक आपको चुनाव फण्ड में पैसा दे रहे हैं, लेकिन मैं मानता हूं कि सरकार आज मिल-मालिकों को जितना प्रोत्साहन दे रही है, उसकी तुलना

में यदि वह किसानों के प्रति थोड़ा सा न्याय करे, तो उनका बहुत बड़ा भला हो सकता है। जो लोग गन्ना क्षेत्र के हैं, उनको मालूम है कि किसान को पग-पग पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जब किसान गन्ना लेकर जाता है, तो उससे रोड सेस लिया जाता है, लेकिन आज उन सड़कों की क्या दशा है? इसके अलावा कांटा खराब होता है और गन्ना कम तोला जाता है।

इस सरकार पर मेरा चार्ज है कि मिल-मालिकों के यहां किसान का बकाया 6 करोड़ से बढ़ कर 200 करोड़ रुपये हो गया है, इसमें सरकार और मिल-मालिकों की सांठ-गांठ है, सरकार मिल-मालिकों के पाकेट में चली गई है और जैसे वे घुमाते हैं, वैसे वह घूम रही है।

राव वीरेन्द्र सिंह किसान घर से आते हैं। जब वह खेत और खलिहान के मंत्री बने, तो लोगों को उम्मीद हुई कि अब किसानों को राहत मिलेगी। लेकिन उनके जमाने में किसान की जो लूट हुई है, उसका नमूना है कि किसान का बकाया बढ़ कर 200 करोड़ रुपये हो गया है। अगर इसके दोषी सौ पचास मिल-मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है और उन्हें जेल में बन्द किया जाता है, तो हमें संतुष्टि हो जायेगी। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है, तो मेरा चार्ज है कि यह सरकार और मिल-मालिकों की मिली कुश्ती है और बड़े-बड़े मिल-मालिक इस सरकार को चला रहे हैं। वास्तव में जब तक चीनी उद्योग का राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाएगा, तब तक यह घपलेबाजी चलती रहेगी।

मैं दो-तीन सवाल पूछना चाहता हूं। इन एरियर्ज के कारण क्या हैं और सरकार कब तक इन्हें वसूल करेगी? कब तक आप वसूली करेंगे, आपकी शुगर पालिसी क्या है और क्या आप इस सारे घपलेबाजी को देखते हुये राष्ट्रीयकरण करने पर विचार कर रहे हैं या नहीं?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री (राव विरेन्द्र सिंह) : माननीय सभापति जी, जो पासवान जी ने सवाल उठाया है, ऐसा मालूम होता कि इनके दिमाग में कुछ शक-शकूक ऐसे हैं जो मैं दूर करने में बिल्कुल असमर्थ रहा हूं। पहले जब सवाल आया था तब मैंने बहुत विस्तार के साथ सारी जानकारी दी थी। उस वक्त जिस तरह की मिलों की हालत थी, जितना-जितना बकाया था हरएक पर, वह बता दिया था। लेकिन पोजीशन बदलती रहती है। जब गन्ने की पेराई होती है तो हम कोशिश करते हैं कि मिलें साथ-साथ भुगतान करें। आपको यह भी मालूम है कि शुगर कन्ट्रोल आर्डर की तहत कायदा बना है कि 14 दिन के अन्दर मिल भुगतान कर दे। उसके बाद अगर कोई भुगतान बाकी रहता है तो उसके ऊपर सूद दे। आपको ज्यादा आपत्ति इस चीज से हुई है कि हम आपको नहीं बता सके कि किस-किस मिल ने कायदे के मुताबिक कितना-कितना सूद दिया है। जैसा कि मैंने पहले भी अर्ज किया था यह हमारे बस की बात नहीं है। जो जानकारी मैंने दी थी वह इस बात के बाद दी थी जब हम स्टेट गवर्नमेंटस से पूरा ब्यौरा हासिल करने में नाकामयाब रहे थे। हमारा जो कायदा है इसका इंप्लीमेन्टेशन स्टेट गवर्नमेंट्स के पास है। हम चाहते हैं वे एन्फार्समेंट करें लेकिन स्टेट गवर्नमेन्ट्स की बात भी हमें एक तरह से माननी पड़ती है कि पहले भुगतान कराने पर जोर दिया जाए या पहले मिलों पर इस बात के लिए सख्ती की जाए कि जो बकाया रह गया है उसके भुगतान के साथ-साथ

[राव वीरेन्द्र सिंह]

सूद भी अदा करें। वे सोचते हैं सूद के चक्कर में मिलों को परेशान न करें। इसीलिए शायद इस कायदे का ठीक से एन्फार्समेन्ट् नहो हो रहा है।

श्री राम विलास पासवान : सूद तो कभी किसी मिल में दिया ही नहीं गया।

राव वीरेन्द्र सिंह : मैं आपकी बात मानने ने लिए मजबूर हूं। जितनी बार आपने पूछा उतनी ही बार हमने यह जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की है। जब आपका सवाल आया तब 2 अगस्त को हमने यू पी गवर्नमेंन्ट को लिखा कि वे भले लोग हमें बतायें कि एरियर्स पर कितनी मिलों से उन्होंने कितना सूद दिलाया है। 6 अगस्त को उनका टेलेक्स आया कि हम यह जाकारी इकट्ठा कर सकते हैं इसमें काफी देर लगेगी। टेलीफोन पर भी उनसे बातें हुई लेकिन अगर स्टेट से जानकारी नहीं आई तो हम क्या बतायें? मैं यह बात मानने के लिए मजबूर हूं कि चूंकि स्टेट गवर्नमेन्ट्स हमें जानकारी नहीं दे रही है, इसलिए इसका मतलब साफ तौर पर यह निकलता है, जैसा कि आप कहते हैं, कि सूद नहीं दिलाया जा रहा है वरना यह जानकारी आ जाती। पहले शायद किसी जगह पर कर्नाटक में किसी मिल से सूद मिला था किसानों को लेकिन आम तौर पर इसपर अमल नहीं हो रहा है और यह बात सच मालूम होती है हालांकि विश्वास के साथ मैं यह बात नहीं कह सकता हूं, जब तक स्टेट गवर्नमेन्ट की रिपोर्ट न आजाए मैं यकीन के साथ नहीं कह कह सकता वरना आम गलत-बयानी का आरोप लगाने लगेंगे। लेकिन मुझे ऐसा लगता है हालात से कि इस बात में कुछ सच्चाई है कि स्टेट गवर्नमेन्टस सूद के मामले पर जोर नहीं दे रही है। अशफाक हुसेन साहब (एम-पी०) ने भी चिट्ठी लिखी थी उसके ऊपर भी हमने स्टेट गवर्नमेन्ट को लिखा था कि वे जानकारी इकट्ठी करके सीधे एम०पी० के पास भेज दें पर शायद वह जानकारी भी उनके पास नहीं पहुंची है।

अब यह कायदे-कानून सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट के है और उनका एन्फोर्समेन्ट स्टेट गवर्नमेंट के पास है। आप बतलायें किस तरह का कोई सिस्टम हम बना सकते हैं। जिससे हम हर एक मिल की जांच-पड़ताल करें और भुगतान भी करा दें और सूद भी दिला दें। भारत सरकार के आफ़िसर मिल-मिल में बैठकर इस बात का हिसाब-किताब रखें।

श्री राम विलास पासवान : राष्ट्रीयकरण।

राव वीरेन्द्र सिंह : राष्ट्रीयकरण से यह बात हल नहीं होगी।

श्री राम विलास पासवान : कैसे?

राव वीरेन्द्र सिंह : इतना बड़ा मामला। हर चीज के लिए आप राष्ट्रीयकरण का नाम लेते हैं।

श्री डी०पी० यादव : हम लोगों का राष्ट्रीयकरण कब होगा।

राव वीरेन्द्र सिंह: आपका राष्ट्रीयकरण हुआ है।

सभापति महोदय : तैयार बैठे हैं, राष्ट्रीयकरण कराने के लिए।

राव वीरेन्द्र सिंह : एक पालिसी की बात है। सारी इन्डस्ट्रीज का राष्ट्रीयकरण करके क्या हम इसको

चला सकते हैं, सरकार के जरिए से। यह भी सोचने की बात है। मेरी दृष्टि में यह इतनी बड़ी जिम्मेदारी भारत सरकार नहीं संभाल सकती। सारी मिलों को, कारखानों को, सिर्फ शुगर मिल की ही बात नहीं है। जहां तक हम दबाव डाल कर सकते हैं, वह हमने किया है। मिलें वक्त पर न चलें, वक्त से पहले बन्द हो जायें, भुगतान न हो, उस मिल को हम टम्पोरेरीली तौर पर टेक-ओवर कर लेते हैं। आपको यह भी मालूम है कि इसकी अवधि तीन साल की थी, पीछे आपने बढ़ाकर इसको छः साल कर दिया है। सिर्फ़ इसीलिए कि सिक मिल्स लेकर हम अपने सिर पर मुसीबत नहीं लेना चाहते हैं। उस पर पैसा खर्च करके, उनके कारखानों को ठीक करके, भुगतान करके, और भारत सरकार के खजाने से हम पैसा देते रहें। हमारी नीति इस बारे में साफ है। यदि कोई स्टेट गवर्नमेंट किसी सिक मिल को लेना चाहती है, उसका राष्ट्रीयकरण कर लें, हम उसमें मदद कर सकते हैं। भारत सरकार इस तरह की जिम्मदारी में अब कुछ हिचकिचाहट महसूस करने लगी है। मिलों को हम ले ल, राष्ट्रीयकरण करके, हम उसको यहां से बैठकर चलायें, एक एक मिल के लिए भारत सरकार को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। सारे हिन्दुस्तान में सवा तीन सौ, साढ़े तीन सौ मिल हैं और अब नए लाइसेंस भी दिए गए हैं। उनकी मिलों को भी लगवाय, उनकी देखभाल करें, उनको चलायें, उनको मैनेज कर—अगर भारत सरकार का यही धन्धा है, तो भारत सरकार को और बहुत से काम करने हैं। यह बात आप मानते हैं कि राष्ट्रीयकरण कोई इस बात का हल नहीं है। मैंने सूद के बारे में आपको अर्ज किया कि इस बारे में हमने जानकारी हासिल करने की कोशिश की, लेकिन हम इसमें नाकामयाब रहे। जसा मैंने पहल अर्ज किया कि सूद के मामल में स्टट गवर्नमन्ट कोई जानकारी नहीं देती हैं, इस लिए शायद सूद कहीं नहीं मिल रहा है।

एरियर्स मिलवाइज मैंने आपको बता दिए हैं। आज की पोजीशन 83 करोड़ 33 लाख रु० है, सन् 1980-81 के साल की, शुगर ईअर हम मानते हैं। यह सारे हिन्दुस्तान का कुल बकाया है। इसके मुकाबल में यदि आप पिछले साल का देख तो कुल 12 करोड़ 60 हजार रु० बकाया था। यदि आप 1979-80 का देखें तो 7 करोड़ रु० बकाया था। 1978-79 में 23 करोड़ 75 लाख था।

15.54 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*].

श्री राम विलास पासवान : उधर छोड़ दीजिएं।

राव बीरेन्द्र सिंह : मैं आपको समझाने की कोशिश कर रहा हूं कि बात कुछ बैठ जाए। एक बात आप ध्यान दें कि शुगर का प्रोडक्शन कितना है और कुल प्रोडक्शन कितना करना था। गन्ना कितना मिलों में पेला गया। इसका सही तरीका यह होगा कि इस साल चीनी की जो पैदावार है, उसके मुकाबल में जिस साल सबसे ज्यादा पैदावार हुई हो, उससे हम मुकाबला करें। मैं आपका ध्यान 1977-78 के साल की ओर दिलाना चाहता हूं। 1977-78 के साल में 58 करोड़, 87 लाख रुपया बकाया था और साल के आखिर में प्रोडक्शन 64.8 लाख

[राव वीरेन्द्र सिंह]

टन थी । इस साल प्रोडक्शन 83.33 लाख टन की है । इस से आप अन्दाजा लगा लीजिए कि 64 लाख टन प्रोडक्शन पर 58 करोड़ 87 लाख रुपया बकाया था और 84 लाख टन की प्रोडक्शन पर इस साल 83 करोड़ 33 लाख रुपया बकाया है । इस से इस एरियर्स की परसैन्टज 4.9 परसेंट आती है जबकि 77-78 में 64 लाख टन की प्रोडक्शन पर 58 करोड़ 87 लाख रुपया बकाया था तो उस साल एरियर्स की परसन्टेज 7.4 परसन्ट थी । आप अन्दाजा लगा लीजिए कि प्रोडक्शन ड्योढ़ी हो गयी है और एरियर्स 7.4 परसेन्ट के मुकाबले में 4.9 परसेन्ट पर आ गये हैं । क्या इसका श्रेय सरकार को नहीं जाता है ?

इसी तरीके से पिछले साल का जो आपको जवाब दिया था करीब करीब वही एरियर्स हैं, उसमें कोई गलत बात नहीं कही थी । पिछले साल 51.5 लाख टन चीनी पैदा हुई थी जिसका 12 करोड़ 60 लाख रुपया बकाया था । इस तरह से बकाया के एरियर्स 1.1 परसेंट रह गये थे । इसका श्रेय भी हमारी सरकार को ही जाता है । 1.1 परसेंट एरियर्स का रह जाना कोई मामूली बात नहीं है ।

एक माननीय सदस्य : आप किस को पैसा दिलवाएं । (व्यवधान)

राव विरेन्द्र सिंह : हम किसान को भी पैसा दिलवा रहे हैं । बहुत सी मिलें एसी हैं जिनमें एरियर्स काफी है । उन मिलों में 17 मिलें ऐसीं हैं जिनमें एक एक करोड़ से ज्यादा बाकी है इन 17 मिलों में से 11 मिलें यू०पी० में हैं इन 11 मिलों में करीब करीब 20-22 करोड़ रुपया बकाया है । एक-एक मिल पर आप औसतन एक करोड़ या उससे ज्यादा बकाया समझ कर चलें तो इन 11 मिलों में ही 20-22 करोड़ रुपया बकाया निकलता है ।

इसके अलावा और भी मिलें हैं । (व्यवधान) बिहार में तीन मिलें हैं उनमें तीन करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है

एक माननीय सदस्य : आप उनके नाम बताइये ।

राव विरेन्द्र सिंह : बिहार में एक तो वगहा में मिल है जोकि प्राइवेट मिल है। एक लोरिया में है । यह भी प्राइवेट मिल है। एक चम्पटिया है ।

श्री राम विलास पासवान : इन्हीं मिलों ने कर्पूरी ठाकुर की सरकार को गिराया था । (व्यवधान)

राव विरेन्द्र सिंह : ये भी प्राइवेट हैं । वगाहा में 1.32 करोड़ बकाया है, लोरिया में 1.60 करोड़ बकाया है और चम्पटिया में एक करोड़ 8 लाख 48 हजार बकाया है । इनके ऊपर हम बराबर जोर डाल रहे हैं। राज्य सरकारों से भी कह रहे हैं कि इनके एरियर्स कम करायें और भी बहुत से प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

एक माननीय सदस्य : उत्तर प्रदेश के बारे में भी बता दीजिये ।

श्री राव विरेन्द्र सिंह : उत्तर प्रदेश के बारे में बता देता हूं, लेकिन इस शर्त पर कि अब और कोई नहीं

पूछेगा । उत्तर प्रदेश में 11 मिलें हैं। बागपत, हरदुआगंज, बदायूं, तिलहर, देवबन्ध, सहारनपुर, बरेली, मोहली । इनमें बहुत सी मिलें ऐसी हैं जो यू०पी० सरकार ने ले ली हैं।

श्री हरिकेश बहादुर : गोरखपुर के बारे में ।

श्री राव वीरेन्द्र सिंह : सरदार नगर, खिसवा बाजार, गोरखपुर की एक करोड़ से ज्यादा वाले में नहीं है । (व्यवधान)

हमारी पूरी कोशिश है कि एरियर्स कम किये जायें। 1980–81 तथा उसके पहले के सालों तक का सारा मिलाकर 6 करोड़ 58 लाख 90 हजार रुपया बाकी है । यह सरकार की खास मेहनत का ही नतीजा है । गन्ने वालों की तरफ जो हमारा खास ध्यान है, उसका फल है । 83 करोड़ के लगभग जो इस साल का बाकी है, उसको कम करने की भी हम कोशिश कर रहे हैं । रिजर्व बैंक से भी कह रहे हैं कि वह मार्जिन मनी जो कि अभी 25 प्रतिशत रखी जाती है, उसको कम करके 10–15 प्रतिशत कर दे, जिससे मिलें शुगर रखकर अपना सारा एरियर्स साफ कर सकती हैं । बफर स्टाक भी 5 लाख टन बनाने की बात कर ली है, उससे मिलों को करीब 50 करोड़ रुपया मिल जायेगा । शुगर रिलीज भी बढ़ाया है, खपत भी बढ़ रही है । उपभोक्ता ज्यादा खा रहे हैं, क्योंकि भाव नीचे आ गया है, इससे भी मिलों को पैसा जल्दी मिल सकता है। तो ऐसी परेशानी की बात नहीं है ।

श्री रामविलास पासवान : कितने लोगों पर मुकदमे चलाए गए, शोकाज नोटिस दिये गये ?

श्री राव वीरेन्द्र सिंह : राज्य सरकार सब चीजों पर ध्यान रखती हैं। राज्य सरकारें एक्शन लेती हैं और उसी का नतीजा है कि इतनी जल्दी एरियर्स साफ हो रहे हैं ।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, पहले तो मेरा यह प्रयास होगा कि मेरी जुबान से प्रधानमंत्री शब्द न निकल जाये, नहीं तो आप कहेंगे कि रिकार्ड में नहीं जायेगा । मैं प्रशंसा भी करूं तब भी आप रिकार्ड में नहीं जाने देंगे । इस लिये मुझे संभलकर बोलना होगा ।

मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि दो अरब रुपये से ज्यादा किसानों का मिलों पर बकाया है । अभी तक यह सरकार यह पैसा किसानों को नहीं दिला पा रही है।

श्री राव वीरेन्द्र सिंह : दो अरब कहां से आ गया, मेरा कहना सब बेकार गया ।

श्री हरिकेश बहादुर : माननीय मंत्री जी ने जितनी बात बताई है, उस बात में अभी तक संदेह है। इसकी वास्तविकता क्या है क्योंकि आंकड़े कुछ और ही दये जाते हैं । किसानों को पैसा नहीं मिलता है साथ ही मजदूरों का भी पैसा बाकी है । अगर किसानों और मजदूरों का पैसा सब मिला ले तो यह राशि बहुत अधिक हो जाती है । घुघली मिल के बारे में कहना चाहता हूं, जिसका रिकार्ड आपके पास नहीं है ।

श्री राव वीरेन्द्र सिंह : रिकार्ड सब हैं।

श्री हरिकेश बहादुर : घुघली मिल

[श्री हरिकेश बहादुर]

किसानों और मजदूरों, दोनों का पैसा बकाया है। अभी एक विधायक वहां आमरण अनशन कर रहे थे कि यह पैसा जल्दी दिलाया जाय। लेकिन किसी तरीके से हमने उन लोगों से कहा कि आमरण अनशन करने से कोई लाभ नहीं है क्योंकि सरकार चाहती है कि विपक्ष के लोग मरें और आप यह अनशन बन्द कीजिए, हम संसद में इस बात को रखेंगे। इस मिल के बारे में मुझे विशेष रूप से कहना है कि किसानों और मजदूरों के पैसे दिलवाने के लिये आप उचित कदम उठाएं।

जहां तक मिलों का सवाल है, उनका आधुनिकीकरण नहीं हो रहा है। जब तक यह नहीं होता है तब तक इन मिलों की जो कार्यक्षमता है, वह नहीं बढ़ाई जा सकती। जो मिल मालिकों के मिल हैं उनका वह आधुनिकीकरण नहीं करना चाहते हैं और सरकारी मिल की भी स्थिति वैसी ही चलती है। वैसे बैंक से पैसा लेकर मिलों ने इस बात का प्रयास किया है कि वो किसानों का भी पैसा दें और साथ ही आधुनिकीकरण करें अब यह पैसा लौटाने की स्थिति में नहीं है, बकाया दिन प्रति दिन बढ़ता चला जा रहा है। हालत यह है कि जितनी भी चीनी मिलें हैं, उनके पास बैंक का पैसा पहले से ही है और अधिकांश की साख गिरती जा रही है इस लिये बैंक उन्हें पैसा देने वाला नहीं है। अगले सीजन में क्या स्थिति होगी, उसके बारे में कहा नहीं जा सकता। मैं चाहूंगा माननीय मंत्री से कि वे इस बारे में प्रकाश डालें।

चीनी मिलों के गोदाम का जहां तक सवाल हैं, वहां आज भी चीनी भरी हुई है, अगले सीजन में चीनी आयगी तो वह कहा रखी जायगी, यह भी एक बहुत बड़ी समस्या है। सरकार ने कितनी सफलता हासिल की है और क्या कदम उठाये हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि मिलों के आधुनिकीकरण के लिये और साथ ही किसानों और मजदूरों का बकाया पैसा देने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है और उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार से कितना पैसा इस काम के लिये मांगा है।

किसानों को जब सूद के साथ उनका पैसा देना चाहिये तो सूद क्यों नहीं दिया जाता। यह केवल कहने से समाप्त नहीं हो जाता। साफ बात यह जानना चाहता हूं कि यह सूद दिया जायगा या नहीं किया जायेगा। कभी यह सूद दिया जाता है और कभी नहीं दिया जाता है, इससे किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ती है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार के हाथ में इसका इम्लीमेंटेशन है तो केन्द्र सरकार उसको कैसे कर सकती है। मेरा सुझाव है कि अगर राज्य सरकारें आपके द्वारा दिये गये निर्देश का पालन नहीं करती, सुझाव और सलाह का पालन नहीं करती और उन नियमों को भंग करती है जिनके आधार पर उन्हें काम करना चाहिये तो ऐसी सरकारों को आप भंग करिये और अगर केन्द्र सरकार भी ऐसा नहीं कर पायगी तो इस को जनता भंग करेगी। और वह समय नजदीक आने वाला है। तो मैं चाहता हूं कि खाद के साथ किसानों का पैसा दिया जाय और इसको दिलाने के लिये केन्द्र सरकार क्या कदम उठायगी, या जो राज्य सरकारें सूद के साथ किसानों का पैसा नहीं दिलाती हैं उनके खिलाफ आप क्या कार्यवाही करेंगे ?

श्री जगन्नाथ पाटिल (ठाणे) : उपाध्यक्ष महोदय, सदन के सामने माननीय राम विलास

जी ने जो चर्चा उठायी है उसके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूं। मैं बातें दोहराना नहीं चाहता। देश के जिन राज्यों में चीनी मिलें हैं उन सभी पर किसानों का गन्ने का पैसा बाकी है। इससे महाराष्ट्र राज्य भी नहीं बचा है। महाराष्ट्र में कुल 79 चीनी मिलें हैं जिनमें से 68 चीनी मिलें कोआपरेटिव सैक्टर में चल रही है और इन 68 चीनी मिलों में से 30 मिलें ऐसी हैं जिन्होंने पिछले दो साल से किसानों का लगभग 711 लाख रु० आज तक नहीं दिया है। 11 प्राइवेट मिलें हैं चीनी की उनमें से 6 ऐसी हैं जिन्होंने किसानों के 229 लाख रु० अभी तक नहीं दिये हैं। जब किसान सरकार से या नेशनेलाइज्ड बैंक से पैसा लेते हैं तो उनको 15, 16 परसेंट ब्याज देना पड़ता है। और जब किसान का इतना पैसा दो, ढाई साल से बकाया है, उस पर ब्याज मिलना तो दूर, रहा मूल पैसा भी मिलने में देरी होती है। जैसा माननीय पासबान जी ने कहा रास्ते का टोल और सैस किसानों को देना पड़ता है। जहां नाप तोल होती है वहां भी किसान को कटौती देनी पड़ती है। हर स्थान पर किसान को ही नुक्सान उठाना पड़ता है। खास कर महाराष्ट्र में आज जितनी कोआपरेटिव चीनी मिलें हैं या प्राइवेट मिल्स हैं यह तो नुकसान में नहीं जातीं क्योंकि वहां के जो 6 महीने पहले मुख्य मंत्री थे श्री अन्तुले उन्होंने जो ट्रस्टस बनाये उनमें इन सब चीनी मिलों ने लाखों रुपया दिया है। और अब किसान मांग रहे हैं उनके हटने के बाद कि हमने जो ट्रस्ट को पैसा दिया है उसको हमें वापस दे दो। जिस चीनी मिल को ट्रस्ट को देने के लिये लाखों रुपये जुटते हैं वह किसानों का पैसा क्यों नहीं देती?

सरकार ड्रामा कैसे करती है? देश में चीनी का ज्यादा उत्पादन होने के बाद भी बाहर से चीनी मंगाते हैं और यहां ऐसा वातावरण तैयार करते हैं कि यहां चीनी ज्यादा पैदा नहीं होती है, आपके लिये बाहर से मंगानी पड़ती है। यहां चीनी पैदा होने के कारण और विदेश से चीनी लाने के कारण अपने देश में जो चीनी पैदा होती है उसके भाव नीचे आते हैं और इसका नुक्सान किसानों को होता है। मैं कहना चाहता हूं कि जिन किसानों के पैसे चीनी मिलों की ओर से देने हैं और जिनकी चीनी सरकार अपने पास में लेती है, लाखों टन चीनी लेती हैं, उसमें से आधे पैसे डायरेक्ट किसानों को सरकार दे दे और हमारे महाराष्ट्र में जो प्राइवेट 6 चीनी मिलें हैं उनकी ओर 299 लाख रु० किसानों का बाकी है।

उनका भी राष्ट्रीयकरण सरकार करना नहीं चाहती है। जैसे अन्य उद्योगों का राष्ट्रीयकरण हुआ है, वह सब नुक्सान में चले जाते हैं, सरकार ने जिन उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया है, उनको प्राफिट में चला नहीं सकती, यह सरकार ने सिद्ध किया है। मंत्री महोदय ने डर के मारे कहा है कि कहां तक सब उद्योगों का हम राष्ट्रीयकरण करेंगे?

अगर राष्ट्रीयकरण नहीं करेंगे तो प्राइवेट चीनी मिलें अच्छे ढंग से कैसे चलेंगी, इसके बारे में भी मंत्री महोदय कुछ कोशिश करेंगे, इतनी मेरी उनसे विनती है।

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं उस जिले का हूं जिसमें उत्तर प्रदेश के दो कारखाने हैं जहां सबसे ज्यादा पैसा बकाया है, हरदुआगंज और बदायूं। बकाया पैसे का जो सूद किसान को मिलना है, क्या सरकार ऐसी व्यवस्था करने को तैयार है कि किसान को जो लगान देना है, वह उसमें एडजस्ट हो जाये? किसान को जो पैसा सरकारी संस्थाओं को कर्ज का देना है वह भी उस सूद में एडजस्ट

[श्री जयपाल सिंह कश्यप]

हो जाये जो इन कारखानों से उनके बकाया का सूद उन्हें मिलना है ? क्योंकि किसान इस समय उस पैसे को देने की स्थिति में नहीं है । लगान की वसूलयाबी के लिये इस समय उसके वारन्ट घूम रहे हैं । बड़ी परेशानी किसान को हो रही है ।

उसको बीज लेना है, खाद डालनी है, बिजली का पैमेंट करना है और आजकल वह कहीं सूखे से और कहीं बाढ़ से प्रभावित है । उसके मिलों की तरफ बकाया पैसे का जो 15 परसेंट सूद है जो कि उसको नहीं मिल पा रहा है, अगर उसमें किसानों के कर्जे का एडजस्टमेंट हो जाये, तो इससे किसानों को बड़ी सुविधा होगी ।

किसान के गन्ने का मूल्य आप उस अनुपात से बढ़ा दें जिससे किसान को ज्यादा पैसा मिल सके । क्या सरकार गन्ने का मूल्य 25, 30 प्रतिशत बढ़ाने की कोई योजना बना रही है, या ऐसी नीति बना रही है जिससे किसान को कम्पन्सेट हो जाये ? क्योंकि गन्ना किसान को कोई फायदा नहीं हो रहा है, उसकी खेती हितकारी नहीं है, उसे केवल मजदूरी का पैसा मिलता है ।

इसके अलावा अपने जिले की जिन फैक्टरियों का मैंने अपने पहले भाषण में जिक्र किया था, अगर माननीय मंत्री जी ने उस तरफ ध्यान रखा होता तो कम से कम हमारे यहां की बदायूं फैक्टरी का पैसा बकाया न रहता । वहां का प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है । आपने इस संबंध में कई इंक्वायरी बैठाई हैं, उनकी रिपोर्ट भी दबाई जा रहीं हैं और वहां के प्रशासन के विरुद्ध आप कुछ भी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं । जिन फैक्टरियों की तरफ एक करोड़ से भी अधिक रूपया बकाया है, आप सब के विरुद्ध जांच कराइये । जो सहकारी हैं, या जिनका सरकार से सीधा सम्बन्ध है, या सरकार प्रशासन उसके कर्मचारी या अधिकारी प्रशासन चला रहे हैं, वह फक्टरियां पैसा क्यों नहीं देती हैं, इसकी भी जांच के लिये आपको कुछ कदम उठाने चाहियें । क्या सरकार इस पर विचार कर रही है ?

इसके अलावा क्रिमिनल प्रासीक्यूशन करने के लिये सरकार जब तक कोई ठोस कदम हीं उठायेगी, केवल कागज पर ही कानून रहे, इससे बड़ा कानून का मजाक और कुछ नहीं हो सकता । न तो 15 प्रतिशत ब्याज की वसूली हो और न क्रिमिनल प्रासीक्यूशन हो, इससे जाहिर है कि केन्द्रीय सरकार अपने उत्तरदायित्व से बचना चाहती हैं । मंत्री जी को इस सम्बन्ध में धड़ल्ले से सामने आना चाहिये कि किसानों का मामला है, इस में सख्ती से निपटा जायेगा, उनको पैसा जल्दी से जल्दी दिलवाया जायेगा । मैं जानना चाहता हूं कि कोई पैसा दिलवाने की तारीख या समय निर्धारित करने के लिये वह तैयार हैं ? उसक इन्टरैस्ट कब तक मिल जाएगा । क्या इनके लिए आप तैयार हैं कि कोई तारीख निर्धारित कर ली जाए । कब तक यह मामला अधर में लटका रहेगा । वैसे सरकार कह तो रही है, रेडियो और टेलीविजन में बड़ा प्रचार किया जा रहा है । लेकिन मैं समझता हूं कि यह सरकार का कोरा आश्वासन है । आज गन्ने के लिए किसान से कितनी चुंगी ली जाती है । हमारे बदायूं में गेहूं की एक बोगी पर 4 रूपये चुंगी ली जाती है, लेकिन गन्ने की एक बोगी पर 12 रूपयें चुगी लेते हैं । क्या गेहूं और गन्ने की बैलगाड़ियों में बहुत बड़ा अन्तर होता है कि एक के लिए 4 रूपया चुंगी लेते हैं और दूसरे के लिए 12 रूपये लिए जायें । आपकी

गन्ने से सम्बन्धित जितनी संस्थाएँ हैं, उन सब की यह नीति है कि गन्ना किसान का कैसे शोषण किया जाए....

राव वीरेन्द्र सिंह : यह तो वहां की असैम्बली को देखना चाहिए।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : किसान का हित करना, केन्द्रीय सरकार का भी काम है और प्रान्तीय सरकार का भी काम है। ऐसा कह कर आप अपने उत्तर दायित्व से बच नहीं सकते।

इसके अलावा आप सुगर केन कन्ट्रोल आर्डर को कड़ाई से पालन करने के लिए राज्य सरकारों को क्यों नहीं कहते। वे इसके प्रति कठोर रूख क्यों नहीं अपनातीं। आप उनको भंग तो करेंगे नहीं, क्यों कि उसका तो प्रश्न ही पैदा नहीं होता, लेकिन उनके साथ सख्ती से बात तो की जा सकती है। आप उन सरकारों को अयोग्य सरकारें मानें जो कि किसानों के हित के विरूद्ध कार्य करें, जो उनके हितों का ध्यान नहीं रखतीं। इस तरह से आप किसानों का हित नहीं कर पायेंगे, जिस प्रकार से आपकी नीतियां चल रही हैं। इसलिए अन्त में ज्यादा न कहते हुए मैं मंत्री जी से खासकर एक निवेदन यह करना चाहता हूं कि इस बार आप गन्ने का मूल्य कम से कम 25 फीसदी अवश्य बढ़ाइये ताकि किसान को कुछ राहत मिले, उसको सही मूल्य मिले।

श्री वृद्धि चन्द्र जैन : (बाड़मेर) : मंत्री जी ने वर्ष 1977–78 में देश के प्रोडक्शन और एरियर्स के साथ साथ 1981–82 वर्ष के उत्पादन और एरियर्स के जो आंकड़े यहां दिए हैं, उनको जिस प्रकार से तुलना की है, तथा यह बताने की कोशिश की है कि हमने बड़ी सफलता प्राप्त की और हम उससे संतुष्ट हैं, हम इस सम्बन्ध में उनसे यह जानना चाहेंगे कि जब हमारे यहां ऐसी मिलें मौजूद हैं, जिन पर एक करोड़ रूपया तक किसानों का बकाया है, इससे क्या स्पष्ट होता है। इन आंकड़ों से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि उनकी नीति साफ नहीं है आज जब किसानों का इतना पैसा सहकारी मिलों पर बकाया हो, सरकार जानबूझ कर उसको देना नहीं चाहती, उसके बारे में प्रदेशों की सरकारें कुछ पग न उठायें और केन्द्रीय सरकार भी उन प्रान्तीय सरकारों पर अदायगी के लिए प्रभाव न डाले, तो यह स्थिति किसी भी हालत में उचित नहीं कही जा सकती। मैं चाहता हूं कि हमारे केन्द्रीय मंत्री इस बात का जबाव दें कि जब राज्य सरकारें बकाया पर ब्याज नहीं देती हैं तो ऐसे प्रोविजनस ही क्यों बनाए गए हैं। यदि कोई प्रोवीजन बनता है, कानून बनता है तो राज्य सरकारें, उसका पालन क्यों नहीं करती हैं। किन कारणों से शुगर कैन कन्ट्रोल आर्डर्स, 1966 को सख्ती के साथ लागू नहीं किया जा रहा है। इन्टरेस्टस् के सम्बन्ध में उस आर्डर में जो प्रोविजन्स हैं, राज्य सरकारें उन प्रावधानों का पालन क्यों नहीं कर रही हैं। उस अवस्था में केन्द्र की क्या जिम्मेदारी बनती है। आपकी क्या शक्तियां हैं। क्या वे सीमित शक्तियां हैं। उन शक्तियों के द्वारा आप किसानों के हित में क्या करने जा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि आप उन राज्यों के मुख्य मंत्रियों से बात करके समस्या का हल निकालें, वहां के अधिकारियों से बातचीत करना व्यर्थ है। आप स्वयं किसी दिन वहां के मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे और बातचीत करके किसानों की काफी समय से चली आ रही समस्या का समाधान करें। आज जब इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो गई

[श्री बृद्धि चन्द जैन]

है, तो ऐसे जबाव देने से काम नहीं चल सकता । किसानों के जितने भी एरियर्स हैं, उनको पैसा जल्दी मिलना चाहिए और इस काम में स्वयं पहल करनी चाहिए । आप ऐसा कार्यक्रम बनायें कि दो दिन यू० पी० के लिए निश्चित कर लें, एक दिन बिहार के लिए और ऐसे ही अन्य सभी राज्यों के लिए । ताकि इस मैटर को डिसाइड किया जा सके ।

इन्हीं सुझावों के साथ, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप किसानों के हित के लिए आपको कुछ कष्ट उठाना चाहिए, कुछ ठोस कदम उठाने होंगे और कानून का पालन सही ढंग से हो, इसकी व्यवस्था करनी होगी ।

राव बीरेन्द्र सिंह : उपाध्यक्ष महोदय सूद के मामले में तो मैं सारी पोजीशन वाजेह कर चुका हूं । कायदा इस लिए बनाया जाता है कि चोर को उसका डर रहे और जो पकड़ में आ जाए, उसको सज़ा मिले । आपको यह बात भी माननी होगी की सारा काम सख्ती से नहीं बनता । इंडियन पैनल कोर्ट में भी भारत सरकार का है, लेकिन अगर आप कहें कि हर स्टेट में सारे चोर क्यों नहीं पकड़े जाते तो क्या भारत सरकार उसका जवाब दे सकती है । ला एंड आर्डर स्टेट का सबजैक्ट है और ला एंड आर्डर एजेन्सी स्टेट गवर्नमेंट के हाथ में है । मिलों का ठीक तरह से चलना केन-ग्रोअर, किसान, के हाथ में है । किसान के इन्ट्रेस्ट को अलग अलग नहीं किया जा सकता अगर मिल ठीक चलेगी, तो किसान को गन्ने की कीमत अच्छी मिलेगी । अगर कुछ दिनों के लिए मिल बन्द हो जाती है, तो किसान का बुरा हाल हो जाता है ।

सारा काम सख्ती में नहीं होता है । सारी सरकारें एक जैसी नहीं होती हैं । कुछ सरकारें और कुछ मिलें ऐसी भी हैं, जिसको प्यार से मनाया जा सकता है जैसे श्री हरीकेश बहादुर या श्री पासवान को जबकि सख्ती से तो वे उलटे बिगड़ेगें ।

श्री डी०पी०यादव (मुंगेर) : हम लोगों में डिविज़न करा रहे हैं ?

राव बीरेन्द्र सिंह : आप तो वैसे भी मान सकते हैं ।

पर्सवेशन का भी इस्तेमाल किया जाता है सख्ती भी की जाती है और डर भी दिखाया जाता है । जहां-तहां पकड़ कर सज़ा भी दी जाती है, प्रासीक्यूशन भी किया जाता है । एक लाठी से सब को हांकने से काम नहीं बनता है । माननीय सदस्यों ने जितने सुझाव दिए हैं, मैंने उन्हें नोट किया है । जहां तक हो सकेगा, हम उनपर अमल कराके इम्परूवमेंट करने की कोशिश करेगें ।

यू० पी० गवर्नमेंट ने कोआपरेटिव मिल्ज़ और जो मिलज उन्होंने अपने मेनेज्मेंट में ली हुई हैं, उनके एरियर्स को क्लीयर करने के लिए 20 करोड़ रुपए की रिक्वेस्ट की है । भारत सरकार उस पर विचार कर रही है ।

श्री कश्यप ने बदायूं मिल का सवाल उठाया है । हमने स्टेट गवर्नमेंट को फिर लिखा है कि उसकी एन्क्वारी के लिए वह कोई ऐसा सीनियर आफ़िसर मुकर्रर करे, जिसका मिल से कोई ताल्लुक नहीं है, जो निष्पक्ष हो, जो ठीक तरह से जांच करे, दूसरी एजेन्सी से भी मदद ले और जो इल्ज़ामात उस मिल के खिलाफ हैं, उनकी पूरी तरह जांच-पड़ताल करे । इस मामले में भारत सरकार ख़ामोश नहीं

है । आपको जो फ़िक्र है, वही हमें भी फ़िक्र है ।

केन प्राइस को बढ़ाने की बात भी कही गई है । अगर किसान को अच्छी प्राइस न मिली होती तो इस देश में चीनी की प्रोडक्शन तीन बरस में 38 लाख टन से बढ़कर 84 लाख टन न हो जाती। अगली फ़सल के लिए कीमत का फ़ैसला जल्दी होगा । सिर्फ़ गन्ने की कीमत बढ़ाने की बात नहीं है, मिलों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए उन्हें भी कुछ कनसेशन दिए जाते हैं, ताकि उनकी क्षमता किसान को अच्छा पैसा देने की बने ।

श्री बी०डी० सिंह (फूलपुर) : कास्ट आफ़ प्राडक्शन प्रति-वर्ष बढ़ रहा है

राव वीरेन्द्र सिंह : वह हम ध्यान में रखते हैं । जो स्टैचुटरी केन प्राइस हम किसान को दिलवाते हैं, उससे कोई ताल्लुक नहीं है । किसान को कीमत हम ज्यादा दिलाते हैं, और जो कीमत हम मुकर्रर करते हैं, मिलों से जो 65 परसेंट लेवी की शूगर लेते हैं, उसका हिसाब करने के लिए कि मिलों को लेवी शुगर की कितनी कीमत दी जाए । एक बैलेंस रखना पड़ना है कि किसान को भी काफ़ी पैसा मिले, मिल की प्राडक्शन भी ज्यादा हो, ज्यादा से ज्यादा गन्ने की पिराई हो । मिल में नुकसान जायेगा तो वे पैसा नहीं दे पायेंगे और किसानों का गन्ना खड़ा रह जायेगा । इसलिए कभी तो हम अर्ली क्रशिंग के लिए कंसेशन देते हैं। और कभी लेट क्रशिंग के लिए कन्सेशन देते हैं । इसीलिए चीनी की पैदावार इतनी बढ़ सकी है। इस बार जून के महीने तक मिलें चली हैं जबकि अप्रैल के महीने में ही मिलें बन्द हो जाया करती थीं । यह इसलिए हमने किया ताकि ज्यादा से ज्यादा गन्ना पेरा जा सके । आपने गुगली मिल की बात कही है । उस पर सिर्फ 26 लाख 57 हजार रुपया बकाया है । उसके अलावा स्टाफ का कौन सा पैसा बाकी रह गया है, उसका ब्यौरा तो हमारे पास नहीं है। लेकिन केन एरियर्स 26 लाख के करीब है और यह कोई बड़ी रकम नहीं है । हम उम्मीद करते हैं कि जिस तरह से हम आगे कदम उठा रहे हैं उसमें यह एरियर्स भी साफ हो जायेंगे । जो 83 करोड़ एरियर की रकम है उसमें 10 करोड़ ऐसी भी है जोकि 14 दिन के अन्दर-अन्दर को बाकी है कायदे के हिसाब से तो 14 दिन के अन्दर का पैसा एरियर में शुमार नहीं होता है । इसलिए यह 10 करोड़ भी आप निकाल दें तो 73 करोड़ ही बकाया रह जाता है । इसको घटा कर यह 4 परसेंट से भी कम रह जायेगा ।

शुगर इम्पोर्ट की बात को तो आप भूल ही जाइये । पिछले जमाने में जब 38 लाख टन शुगर प्रोडक्शन रह गया था, तब प्राइज़ेज को नीचे रखने के लिए हमने कुछ शुगर इम्पोर्ट की थी । अब शुगर पालिसी आप अच्छी तरह से देख ही रहे हैं यह उपभोक्ताओं के हक में ज्यादा है । दीवाली, दशहरा और ईद के दिनों में पांच रुपये किलो से भी कम दाम पर बल्कि कहीं कहीं तो साढ़े 4 रुपये और पौने 5 रुपए किलो के भाव पर चीनी बिक रही है । (व्यवधान) दिल्ली में पौने 5 और 5 का भाव चल रहा है और कहीं कहीं साढ़े चार का भी भाव है । इस तरह से चीनी के दाम काफी नीचे आ गए हैं । इस वक्त तो हमें यह परेशानी हो गई है कि भाव ज्यादा न गिर जाएं जिससे कि अगली बार वही मामला हो जाए जोकि जनता पार्टी की सरकार के दिनों में हो गया था।

[राव वीरेन्द्र सिंह]

(व्यवधान) यह आपके अलफाज ठीक हैं कि भट्ठा ही बिठा दिया था । बस इतना मुझे अर्ज करना था ।

18.35 hrs.

DISCUSSION ON FLOOD AND DROUGHT SITUATION IN VARIOUS PARTS OF THE COUNTRY—*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we will start discussion under Rule 193. There are 5 hon. Members from the Opposition and two or three from the ruling party, who want to participate in the Discussion. I have no objection if the hon. Members take not more than 10 minutes. There is no discrimination between the opposition and the ruling party. The Minister will reply positively at 8' o'clock.

श्री राम विलास पासवान : (हाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आज हम लोग अकाल के बारे में और वह अकाल जो बाढ़ और सुखाड़ से उत्पन्न हुआ है । इस विषय पर हम लोग चर्चा कर रहे हैं । यह इतना बड़ा सवाल है, इतना भयंकर अकाल आने वाला है, मंत्री महोदय भले ही यह कहते रहें कि हमारे भंडारों में इतना अनाज है, हमारे पास इतना समान है, इस मुकाबला वे नहीं कर सकेंगे । आज मैं इस सदन में आपके माध्यम से चेतावनी देना चाहता हूं कि यह अकाल इतना भंयकर अकाल होगा जैसा कि 1943 में पश्चिम बंगाल में आया था जिससे 14 लाख लोग मरे थे, उससे भी ज्यादा जन-धन की क्षति होगी ... (व्यवधान) ... 50 लाख से भी ज्यादा लोग मरेंगे ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : नहीं मरने देंगे ।

श्री राम विलास पासवान : यथ सदस्य कह रहे हैं कि नहीं मरने देंगे । यह इतना बड़ा सवाल है, इस पर तो न सिर्फ सिंचाई मंत्री और राव साहब, कृषि मंत्री, बल्कि प्लानिंग मिनिस्टर को भी यहां पर होना चाहिए ।

एक माननीय सदस्य : पावर मिनिस्टर भी ।

श्री राम विलास पासवान : मैं तो कह रहा हूं कि सब को उपस्थिति होना चाहिए । यह बहुत ही अहम सवाल है । आज की खबर को पढ़िए । हम दो दिन से लगातार पार्लियामेंट में इस मामले को उठा रहे हैं । पश्चिम बंगाल में तो स्थिति एकदम गम्भीर हो गई है । वहां संसद् सदस्य और विधान सभा सदस्य धरना देने के लिए जा रहे हैं । आज के ही अखबार में यह खबर है कि बिहार के नवादा जिले में एक मालगाड़ी में गेहूं जा रहा था, प्रश्न यह नहीं है कि उसकी लागत दस लाख थी या 40 लाख, थी, उसको लोगों ने लूट लिया । अनाज को निकाल कर ले गए और कह दिया कि चाहे हमको सजा दीजिए, हम निकाल कर खायेंगे ।

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री (राव वीरेन्द्र सिंह) : आप जानते हैं, उन लोगों को ।

श्री राम विलास पासवान : अखबार में है । ग्रामीण के द्वारा अनाज जब भी लूटा जाता है, ग्रामीण के द्वारा लूटा जाता है लेकिन रुपया डकैतों के द्वारा । इसका मतलब यह है कि निश्चित रूप से उनके सामने भोजन की समस्या है । आज के ही हिन्दुस्तान टाइम्स और स्टेट्समेन में आया है कि स्टारविंग संथाल टेक अप आर्म्स फोर जसटिस । इसमें फोटो दिया है संथाल में ब्लाक में मीटिंग हो रही थी । मुखिया लोग मौजूद थे । गांव के गरीब लोगों ने कहा है कि हम लोग भूख से मर रहे हैं हमारे अनाज की व्यवस्था करो । चार अक्टूबर

को भी ये लोग मिले थे कि बी. डी. ओ. रोजी-रोटी के लिए व्यवस्था करे । लेकिन सात लोगों को मार डाला गया । जहां मिलिटेंट रहेगा वहां सरकार की हिम्मत नहीं रहेगी । गरीब था, उड़ा दिया । बिहार के लेबरर्स पंजाब में जाते हैं, उनको पकड़ कर बन्द कर दिया जाता है जेल में । कहते हैं कि तुम को काम करना पड़ेगा । उनके पास टिकट होता है, उसको फाड़ दिया जाता है और जेल में बन्द कर दिया जाता है, क्योंकि वहां पर काम करने वालों की संख्या नहीं है । इसलिये उपाध्यक्ष महोदय, एक गंभीर स्थिति आने वाली है । मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि असम, बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश में भंयकर बाढ़ की स्थिति है । पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु में सूखे की स्थिति है । आंकड़ों के अनुसार इस साल बाढ़ से 1150 करोड़ रुपए की क्षति हुई है और 1400 करोड़ रुपये की सूखे से क्षति हुई है । चूंकि मेरे पास बहुत कम समय है, इसलिए मैं अपनी बात जल्दी से जल्दी समाप्त करने की कोशिश करूंगा ।

यह इनका 4-10-82 का लोक सभा प्रश्न संख्या 116 का जवाब है जिस में मंत्री महोदय ने कहा है कि :—

"The average annual total damage due to floods during 1953-80 is of the order of Rs. 327 crores, and from 1977 to 1981 is about Rs. 1,048 crores."

"Since the launching of the National Programme of flood control in 1954, an amount of Rs. 976 crores was spent on the programme till the beginning of the Sixth Five Year Plan (March 1980) providing reasonable degree of protection to an area of about 11 million hectares. In view of the importance of the programme, the Planning Commission has approved an outlay of Rs. 1,045 crores in the Sixth Five Year Plan for flood protection works."

उपाध्यक्ष महोदय, आप सोच सकते हैं कि 1954 से 1980 तक के 26 सालों में सरकार ने फ्लड कंट्रोल पर 976 करोड़ रुपया खर्च किया है । 26 सालों में फ्लड कंट्रोल पर सरकार का यह टोटल खर्चा है जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार फ्लड से डेमेज होता है 1040 करोड़ रुपये का । इस से अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकार कितनी सचेत है, कैसा वह कार्य कर रही है ।

एक प्रश्न के उत्तर में इन्होंने 11 अक्टूबर को बतलाया कि :—

The number of human lives lost .... 1,843.

The number of cattle lost 59,347

इन्होंने पूरा टोटल बताया है कि कुल मिलाकर 1843 लोग मरे हैं और जानवर 59,347 मरे हैं । इतनी बड़ी क्षति हुई है । सूखा पीड़ितों के लिए दी गयी राशि के बारे में आपने बताया है कि 113.5 करोड़ रुपया दिया ।

उपाध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न 4-10-82 को पूछा गया था । राष्ट्रीय बाढ़ आयोग और सिंचाई आयोग की अनुशंसाओं के बारे में सदन को मालूम है, सब को मालूम है । यह 1972 की ईर्रिगेशन कमीशन रिपोर्ट है । हर साल बाढ़ आती है, सुखाड़ आता है । हर साल हजारों करोड़ों रुपयों की बर्बादी हो रही है । खेल-कूद पर हजारों करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है लेकिन बाढ़ और सुखाड़ के लिए न तो सरकार की कोई तात्कालिक योजना है, न कोई दूरगामी योजना है । कोई लोंग टर्म प्लानिंग ही नहीं है जिससे कि इन पर रोक लगे ।

[श्री राम विलास पासवान]

हर साल बाढ़ आ जाती है, सूखाड़ पड़ जाता है। उसके आने के बाद सरकार कुछ कदम उठाती है और यह सोच कर उठाती है कि लोक सभा में हंगामा होगा, जवाब देना होगा। उसके बाद बात खत्म हो जाती है।

आप अनुमान लगाइये कि आजादी के 36 वर्षों से आज तक कितना लास हुआ है, कितनी क्षति हुई है। अगर आप जमा कर लें तो आप यह जान जायेंगे कि हमारी राष्ट्रीय आय में इससे कितनी क्षति हुई है लेकिन हमारी कोई दृष्टि ही नहीं है।

मैं जानना चाहता हूं कि आपने बाढ़ और सुखाड़ के सम्बन्ध में कब से तैयारी शुरू की ? आपको मालूम था कि बाढ़ आने वाली है, आपको मालूम था कि सुखाड़ पड़ने वाला है। लेकिन आपके पास कोई दृष्टि ही नहीं है। इर्रीगशन कमीशन और बाढ़ आयोग की रिपोर्ट के सम्बन्ध में इन्होंने कहा था—

18.44 hrs.

(Shri S. M. Krishna *in the Chair*)

"As per the consensus reached in the meeting of the National Development Council held in March 1982, it has been decided to set up a National Resources Council under the Chairmanship of the Prime Minister. The Council will have the concerned Central Ministers and State Chief Ministers as its members."

इसमें इन्होंने कहा है, जो बाढ़ आयोग था—

"The necessity for an apex body to evolve national policy for the development for use of water resources in conformity with the highest national interest has been emphasised in the report of the Irrigation Commission, National Commissions of Agriculture and Rashtriya Barh Ayog."

लेकिन इंप्लीमेंटेशन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जायेगा। जांच हो रही है, यही कहा जाएगा। अभी मैंने 4 तारीख को एक प्रश्न पूछा था कि वाटर रिसोर्सेस पर आप कितना खर्च करते हैं तो जितना पानी का आता है उसका 14 प्रतिशत खर्चा होता है।

भौगोलिक आंकड़ों को देखिए हमारे पास कुल जमीन है 3287.8 लाख हैक्टर। हमारे पास 1978-79 तक कृषि योग्य भूमि थी, लेटेस्ट आंकड़ा सरकार के पास उपलब्ध नहीं है 1857.8 लाख हैक्टेयर और इसमें से खेती की गई 1553.8 लाख हैक्टेयर जमीन में और इसमें सिंचित है मात्र 379.6 लाख हैक्टर। यह प्रश्न संख्या 58, दिनांक 4-10-1982 का है। 36 वर्षों की आजादी के बाद देश की यह हालत है। सूखे के लिए आपके पास क्या वैकल्पिक व्यवस्था है ? दो दिन पहले मैं बिहार गया था। आपकी आंखों में सुनकर आंसू आ जाएंगे कि वहां किसान को 24 घंटे में दो घंटे भी बिजली नहीं मिलती है। आज पूरा बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान कहीं सूखे के कारण कहीं बाढ़ के कारण पूरा का पूरा खत्म हो गया है। बाढ़ की स्थिति के बारे में अखबारों में आया है कि बंबार्डिंग जैसे स्थित हो गई है। 80 प्रतिशत खेती तो पहले ही समाप्त हो गई है और जो 20 प्रतिशत बची है, उसके लिए भी सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। किसान को बिजली नहीं मिलती है, और पुराने पंपिंग सैट भी रिपेयर के नाम पर ले लिए गए हैं, जो उनको अभी तक नहीं लौटाए गए हैं।

एक तरफ किसान के सामने तबाही है, एक तरफ मजदूर के सामने तबाही है। बिहार के 50 प्रतिशत मजदूर दूसरी जगह चले गए हैं। बाहर जाने में भी उनको काफी दिक्कत होती है। आसाम

मेल में सारे सेकण्ड क्लास के डिब्बे मिल्ट्री वालों के लिए रिजर्व होते हैं। मजदूर बेचारे टिकट लेने के बावजूद छतों पर बैठते हैं और जब मुगल सराय आता है तो हडबड़ी में किसी का सिर कटता है तो किसी को करण्ट लगता है। यह हालत है। इस तरह की भयंकर स्थिति उत्पन्न हो गई है।

जितनी नदियां निकलती हैं, सब हिमालय से निकलती हैं, नेपाल से निकलती हैं। हम लोगों ने कई बार कहा कि नेशनल ग्रिड तैयार कीजिए। इसके लिए नेपाल से बात करिए। इससे आप बिजली भी प्राप्त कर सकेंगे और दोनों देशों के सम्बन्ध भी मधुर बनेंगे। 50 प्रतिशत इरीगेशन की समस्या इससे हल हो सकती है। लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सूखा, बाढ़ तो जैसे राज्य सरकार के लिए तोहफा लेकर आते हैं, सोने का अंडा देने वाली चिड़ियां की तरह हैं। सिंचाई के नाम पर कमल नाथ जी यहां बैठे हैं, मुख्यमंत्री का पूरा का पूरा परिवार लूट कर खा रहा है। एक-एक बालू की कीमत आप देखिए कि कितनी ली जा रही है।

मैं यह कह रहा हूं कि यह अकाल आयेगा और यह अकाल जो है राज्य सरकार के लिए वरदान सिद्ध होगा। अभी इकोनोमिक टाइम्स में निकला है कि जितने प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उन पर आंध्र प्रदेश के एक एक्स चीफ मिनिस्टर का हवाला देते हुए कहा है —

"A former Chief Minister of Andhra Pradesh was forced to observe recently that these schemes had benefited only contractors, land-lords etc."

जितनी स्कीम चलायेंगे कि राशन वितरण करो, कहां राशन वितरण होगा। आप कहेंगे दवा-दारू दो, कहां होगा, आप कहगे किसान को राहत दो, किसको मिलेगा। सब का सब जो है कुछ मुट्ठीभर लोगों के पालने के काम में होगा। आपकी सेन्ट्रल टीम आती है। बिहार में यह टीम गई है, लेकिन रिपोर्ट कब आएगी, 6 महीने के बाद। उत्तर प्रदेश में जायेगी कल और वहां से रिपोर्ट आयेगी 6 महीने के बाद जबकि अकाल खत्म हो जायेगा और सुखाड़ में सरकार कह देगी कि कुछ नहीं हुआ है। इस तरह का मामला है।

हमारे समय में "फूड फार वर्क" था भले उसका नाम कह दें "लूट फार वर्क" था। मैं आपको एक बात कह देता हूं। गांव का गरीब मजदूर, हरिजन यदि किसी चीज को याद करता है तो काम के बदले अनाज की योजना को करता है। वह कहता है उस समय में हमको 4 किलो अनाज मिलता था और तीन-चार मजदूर काम करने वाले हो जाते तो 12 किलो 16 किलो प्रति दिन की मजदूरी मिलती थी, बदमाशी करता था 4 किलो के बदले 3 किलो। लेकिन, आज तो प्रत्येक गांव में नेता हो गया है। जब उसको काम मिल जाता था तो गांव के लोगों को, एम० एल० ए० को एम० पी० को कह देता था कि चार किलो नहीं मिल रहा है, हंगामा होता था। लेकिन रुपया वाला मामला नहीं था। चार किलो के बजाय साढ़े तीन किलो मिलता था, उसके एक परिवार के लिए। जो आम किसान लोग भी थे उन्हें मजदूरी का काम करने के लिए बाध्य होना पड़ता था। किसान भी कहता था कि चलो हम भी काम

[श्री राम विलास पासवान]

करेंगे, चार किलो मजदूरी मिलेगी और वही एक कारण था जिसको न्यूनतम मजदूरी या जो मिनिमम वेजेस एक्ट है, उसके माध्यम से आप लगवा सकते थे। लेकिन आपकी सरकार ने खत्म कर दिया उसको । नतीजा क्या हुआ ? आपने कहा 5 रुपया मजदूर को मिनिमम मजदूरी मिलेगा, पांच रुपया उसको मिला नहीं, आपने कह दिया 9 रुपया क्यों नहीं लेते।

आज गांव में एक तरफ मजदूर खड़ा हो गया है, एक तरफ किसान खड़ा हो गया है । आपकी सरकार कहती है, नक्सलाईट पहुंच गया है । नक्सलाईट कौन पैदा कर रहा है, किस गन्दी नाली से पैदा हो रहा है, आप पैदा कर रहे हैं।

मैं आपसे कहना चाहता हूं, यदि आप मजदूर के लिए कुछ करना चाहते हैं तो मजदूर के लिए एक चीज "फूड फार वर्क" की योजना चलाइए । उसके पास गल्ला नहीं हो तो आप गल्ला दीजिए, दूसरा रेमेडी नहीं है सिवाय इस योजना के।

काम के बदले अनाज ही एक चीज है जो मजदूर को जिन्दा रख सकता है, मजदूर को वचा सकता है । फूड फार वर्क की योजना को चलाइए नहीं तो पूरा बिहार खाली हो रहा है । उत्तर प्रदेश की भी वही हालत है । उत्तर प्रदेश में भी गरीब वैसे ही मर रहा है ।

मैं आपसे इतना ही आग्रह करूंगा कि आप फूड फार वर्क की योजना चलाइए। केन्द्र सरकार के पास कुछ हिम्मत हो तो बिहार सरकार को सजेशन दीजिए या केन्द्र सरकार बिहार को अकालग्रस्त घोषित करे। पूरे के पूरे बिहार को अकालग्रस्त घोषित कीजिए और व्यापक पैमाने पर केन्द्रीय सहायता वहां भेजिए तभी लोगों का जान माल वहां बच सकता है । अखबार की कटिंग मैंने आपको दिखला ही दी है। इन्सान के लिए सहारा काफी है । जब पेट में आग लगती है तो धान, धरती धन की पूजा नहीं की जाती है उसके सामने वरदान उसकी रोटी होती है । आज जो मजदूर है, जो किसान है, दोनों के पेट में आग लगी हुई है । वहां भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है । मेरा आग्रह है कि एक तो आप दूरगामी योजना बनाएं और दूसरे शार्ट टर्म योजना । सरकार को चुप नहीं बैठ जाना चाहिये । 36 साल तक आप चुप बैठ रहे हैं। आपके सिंचाई मंत्री हैं, प्लानिंग के मंत्री हैं और आवश्यकता पड़े तो प्रधान मंत्री को बुला लें, पूरी कैबिनेट को बुला लें लेकिन बुला कर सलाह मश्विरा करके लांग टर्म और शार्ट टर्म योजना आप जरूर बनाएं और उसको कार्यान्वित करें। ऐसा करके ही आप बाढ़ और सुखाड़ पर काबू पा सकते हैं। चीन है, जापान है, और भी बहुत से देश हैं जिन्होंने इस तरह से यह जो विपदा है इस पर काबू पाया है । आप काबू नहीं पा सके हैं। आपकी नीयित साफ होनी चाहिये । इरादा पक्का होना चाहिए । तत्काल जो काम करने हैं उनको तो आप करें ही लेकिन उसके साथ-साथ एक—दूरगामी योजना भी इस से निपटने के लिए बनाएं । नेपाल सरकार से आप बात करें । हिमालय पहाड़ से जो नदियां निकलती हैं, ब्रह्मपुत्र आदि जो दरिया निकलते हैं उनके बारे में आप विचार करें और उनको नियंत्रित करें। जबाब दे कर ही आप संतोष न कर लें। साल के बाद फिर यह समस्या आपके सामने आने वाली है । हर साल आयेगी

यह मामला बढ़ता ही जाएगा । मैं पुन: कहता हूं कि बिहार की स्थिति सभी राज्यों से खराब है । बंगाल, उत्तर प्रदेश की भी खराब है लेकिन हम सब से ज्यादा एफेक्ट हुए हैं बाढ़ से भी और सुखाड़ से भी । बिहार सरकार को आप न केवल पैसा दें, सहायता दें बल्कि विजिलेंस भी रखें, देखें भी, निगरानी भी रखें कि वह उस पैसे का दूसरी जगह उपयोग न करे, अफसरों और ठेकेदारों के पेट में वह पैसा न जाने पाए । यह दायित्व आप का है । आप स्वयं या बिहार सरकार उस क्षेत्र को अकाल पीड़ित घोषित करे । साथ ही पूरे देश के लिए लांग टर्म और शार्ट टर्म प्रोग्राम आप बनाऐं और बाढ़ और सुखाड़ से निपटने का प्रयास करें, इतना ही मेरा निवेदन है ।

श्री दलबीर सिंह (शहडोल) : सारे देश में आज अकाल और बाढ़ की स्थिति है । जैसा पासवान जी ने कहा ग्रामीण अंचलों में खास कर चाहे व बिहार के हों, उत्तर प्रदेश के हों, मध्य प्रदेश के हों, बंगाल के हों, कहीं के भी हों वहां इतनी भयंकर स्थिति है कि कुछ कहा नहीं जा सकता है। मध्य प्रदेश के 45 में से 42 जिलों में जून के पहले बारिश प्रारम्भ होती है और तब खरीफ की फसल बोई जाती है । इसके बाद इन जिलों में बारिश कम हुई । इसका नतीजा यह हुआ कि सारी की सारी खरीफ की फसल बिल्कुल बरबाद हो गई । उसके बाद जुलाई के मध्य में वहां पर एक अच्छी बारिश हुई थी । आशा की जाती थी कि फसल अच्छी होगी । लेकिन उसके बाद चाहे छत्तीसगढ़ का इलाका हो या विन्ध प्रदेश का हो, जो धान की फसल के ऊपर ही निर्भर करता है, वहां बारिश नहीं हुई और इसका नतीजा यह है कि ग्रामीण अंचलों में जहां मजदूर लोग रहते हैं, किसान रहते हैं और जो अच्छे समय में आप को अच्छा चावल और गेहूं खिलाते हैं उनकी स्थिति आज दयनीय हो गई है और वे दाने-दाने के लिए तरस रहे हैं । मंत्री महोदय और शासन की यह नैतिक जिम्मेवारी है कि उनकी वह मदद करे। यह नहीं कहा जाना चाहिये कि यह राज्य का मामला है, केन्द्र का मामला नहीं है । इसको आपको गम्भीरता से देखना होगा । सभी प्रान्तों के बारे में जिम्मेदारी आपकी है । जिस क्षेत्र से मैं आता हूं विन्ध्य प्रदेश का वह क्षेत्र है । चार जिलों का एक सम्भाग जो रीवा सम्भाग है वहां पर सिंचाई की क्षमता केवल दो प्रतिशत है । वहां पर बाणसागर योजना चलाई गई है । शहडोल जिले में सोन नदी का उद्गम स्थान है । वही सोन नदी पटना और बिहार में बाढ़ का प्रकोप लाती है, तबाही मचाती है । बाणसागर की योजना बहुत ही मन्द गति से चल रही है । दस साल से मैं सुन रहा हूं कि इसको तीव्र गति से चलाया जाएगा लेकिन चलाया नहीं जा रहा है । तीन राज्यों के सहयोग से यह बन रही है, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश । यदि यह योजना पूरी कर दी जाए तो न केवल मध्य प्रदेश बल्कि उत्तर प्रदेश और बिहार की भी इससे सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी और उनको भी इससे बहुत ज्यादा फायदा मिल सकेगा ।

19 hrs.

हमारे प्रदेश में अभी बाढ़ की उतनी ज्यादा स्थिति नहीं है जितनी अकाल की है । जुलाई के मध्य में छत्तीसगढ़ में आपने स्टडी टीम भेजी, इसी तरह से हमारी मांग है कि विन्ध्य प्रदेश डिवीजन में जिसमें रीवा, सीधी, सतना और सहडोल जिले आते हैं, आप एक स्टडी

[श्री दलबीर सिंह]

टीम भेजें जो सर्वे करके आपको रिपोर्ट दे। मध्य प्रदेश शासन ने रबी फसल के लिये 15 करोड़ रु० की मांग की है। अधिकांशतः हमारे प्रदेश में ड्राई फार्मिंग है, जहां-जहां रबी बोयी जाती है यदि जल्दी से जल्दी आपने पैसा नहीं दिया तो रबी नहीं बोई जायेगी।

मध्य प्रदेश में 1958, 1972, 1973 और 1978 में बाढ़ आयी। इसी तरह से 1982 में 13 जिले बाढ़ से पीड़ित हैं और उनमें आदिवासियों और हरिजनों के मकान नष्ट हो गये हैं। उनको मकान बनाने के लिये भी सहायता दी जानी चाहिये। एफ० सी० आई० के बारे में क्या कहूं। मेरे ही क्षेत्र सहडोल में सड़ा हुआ गेहूं एफ० सी० आई० के माध्यम से बांटा जाता है जिसको जानवर भी नहीं खा सकते। लेकिन मजबूर हो कर आदिवासी और हरिजन-लोग फेयर प्राइस शोप्स से उस सड़े हुए गेहूं को खरीद रहे हैं। आप एफ० सी० आई० के रवैये को सुधारें। आपने कहा है कि सारे देश में 2 लाख 77 हजार उचित दर की दुकानें हैं जिसमें से 2 लाख 16 हजार दुकानें गांवों में काम कर रही हैं; लेकिन उन पर राशन नहीं मिलता। राशन वितरण प्रणाली को भी आपको ठीक करना चाहिये। आदिवासी क्षेत्रों में जितनी भी सिंचाई की स्कीमें ली गई हैं वहां पैसा ही नहीं है। और आपने कहा है कि सिंचाई को प्राथमिकता देंगे। लेकिन यह काम विना पैसे के नहीं चल सकता है। एन० आर० ई० पी०, आई० आर० डी० पी०, एस० एफ० डी० ए० की योजनायें हैं। इनकी क्या प्लानिंग हैं इसकी रूपरेखा अभी तक नहीं बन पायी है। चाहे ट्राइबल एरिया में सब प्लान की योजना हो चाहे और कोई योजना हो किसी का प्रारूप ठीक ढंग से नहीं बन पाया है और लोगों को मालूम नहीं है कि कौन सी योजना आप लागू कर रहे हैं।

आप कहते हैं कि डिफोरेस्टेशन नहीं किया जाए। लेकिन जंगल कट रहे हैं। आप कहते हैं कि फ्लड आयें इसको कैसे रोकें। मेरा निवेदन है कि इसको रोका जा सकता है। आपने बड़ी-बड़ी योजनायें बना लीं। लेकिन उनका इम्प्लीमेंटेशन ठीक से नहीं हुआ। इसलिये अच्छी योजना बने तो सिंचाई की सुविधायें हो सकती हैं। जहां आदिवासी क्षेत्र हैं वह पहाड़ी अंचल हैं वहां शिफ्टिंग कल्टीवेशन होता है। वहां पर लिफ्ट इरीगेशन से ही सिंचाई हो सकती है। आप कहते हैं कि इरीगेशन स्टेट सबजेक्ट है। लेकिन आपकी जिम्मेदारी है कि जहां-जहां ट्राइबल सब प्लान है वहां-वहां राज्य सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार का भी उत्तरदायित्व है कि उनको सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायें। इसलिये मैं मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश की ओर आकर्षित करता हूं और चाहता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार ने जो 15 करोड़ रु० रबी की फसल के लिये मांग हैं उसको आप जल्दी से जल्दी स्वीकृत करें ताकि रबी की बोवाई हो सके। और शहडोल जिले में इस बार जो एफ० सी० आई० द्वारा सड़ा हुआ गेहूं भेजा गया है उसको वापस लें और अच्छा गेहूं वहां आप भेजें। हमारे जो गरीब किसान खेतों में काम करते हैं, ग्रामीण अंचलों में निवास करते हैं, वह नारेबाजी नहीं जानते, न स्लोगन लगाना जानते हैं। इसमें आपका और हमारा सब का नैतिक उत्तरदायित्व है कि हम सही मायनों में उनको काम दें। राहत कार्य हमारे यहां खोल दिये जाते हैं, लेकिन मजदूरों को उतना पर्याप्त पैसा नहीं

मिलता है । इसलिये स्टैट को निर्देश दें कि स्करसिटी मैनुअल लागू हो जिससे पूरा पैसा उनको मिल सके ।

SHRI D. P. YADAV (Monghyr): Mr. Chairman, Sir, I beg of you to just give me a few more minutes.

There are some stages in national life where we have to forget the party issue or the Government issue. We have reached a stage where we have to think very coolly. There may be a turning point in national life as to what to do from tomorrow. Till today what we have done, we should forget it. From tomorrow what we have to do we have to remember.

There are some warnings before the nation. Those warnings are not to the Congress (I) or to the Congress (S) or the Lok Dal or anybody else. It is a warning to the whole country. This is a warning to the whole nation. The first warning is that of starvation. I shall most humbly request both the hon. Ministers for Irrigation and Agriculture to kindly pay a surprise visit to some parts of Bihar, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh etc., sit with the block people, talk to them and assess the situation and see for themselves what calamity drought has brought for them. I hope, Mr. Chairman, you will realise that the situation is very grave.

My friend, Shri Ram Vilas Paswan, Shri Harikesh Bahadur and everyone from this side or that side has said enough about the grave situation in the whole country. I shall mention that till to-day, unfortunately, we have not been able to define what drought is.

While going through the report of the Irrigation Commission, there is a definition of drought. The Irrigation Commission, which went into the question of adopting a suitable criterion for defining drought ultimately had to rely on the criterion of the Indian Meteorological Department which defined drought as a situation when the rainfall is less than 75 per cent of the normal. They have defined moderate drought as obtaining when the deficiency in the annual rainfall from the normal is 25 to 50 per cent and severe drought, when the deficiency of rainfall is above 50 per cent of the normal. Wherever 75 per cent of the normal rainfall is not received in 20 per cent or more of the areas, the area is said to be a 'drought area', and whenever this rainfall is not received in 40 per cent of the area concerned, it is classified as a 'chronic drought area.'

On the other hand, in the report of the National Agricultural Commission, 1976, 'Agricultural drought' has been defined as an occasion, when the rainfall in a week is half of the normal or less, when the normal weekly rainfall is 5 mm or more. The agricultural drought is a period of four such consecutive weeks in the period from middle of May to middle of October or six such consecutive weeks during the rest of the year. These are the two definitions of drought. My hon. friend, the Minister for Irrigation is sitting here. I would first of all like to ask the Agriculture Minister one thing. Whichever definition we adopt, let us adopt one definition and add something or substract something thereafter. We must define scientifically what drought is. Mr. Chairman, Sir, I shall just quote the losses occurred due to drought so far as food production is concerned.

1965-66	19.12 million tonne.
1966-67	22.26 million tonne.
1972-73	15.7 million tonne.
1974-75	18.98 million tonne.
1979-80	22.78 million tonne.

Sir, this is the loss due to drought. When we calculate the price, it is fantastic. The whole balance gets very much imbalanced. The whole economy gets imbalanced. So, drought is more dangerous than flood. In the circumstances we have to decide as what to do to save the country from the loss of grain production. Rao Sahib sometimes says very boldly that in the matter of food production we are self sufficient. Rao Sahib, I am quoting this from the Economic Review. You know better definitions. You have got better knowledge. For the last 10 years the average annual production of foodgrain of this country has been 117 point something

[Shri D. P. Yadav]

million tonnes. Today the requirement is a minimum of 132 million tonnes. We must have 20 million tonnes in our reserve. It means that our task is a herculean one. And you find this, Rao Sahib. In 1970-71 our production was 198.42 m.t. In 1971-82 it was 105.17 m.t. It declined to 97.03 in 1972-73. What has happened to our irrigation schemes? We have got no answer to that. Then again Sir it has shot up in 1973-74. It has gone up to 104.67 m.t. In 1974-75 it came down to 99.83 m.t. It is really very surprising, Sir. In 1975-76 it went up to 121.3 m.t. In 1976-77 it came down to 111.17 m.t. In this way in 1979-80, after a gap of 10 years, food production is just as good as that of 1970-71. It was 108.42 m.t. in 1970-71. In 1979-80 it is 108.85 m.t.

PROF MADHU DANDAVATE: In 1978-79 it was 130 m.t.

SHRI D. P. YADAV: This is the situa- 108.85 m.t. It is from the Economic Review that I am quoting. I should not say, if I sit in the Government, food production will go up. I never boast like that. Food production depends upon weather conditions...

PROF MADHU DANDAVATE: But consumption is going up.

SHRI D. P. YADAV: This is the situation before the country. It means, till today we are not independent so far as food front is concerned. We are not self sufficient. Let us accept this fact. We have to be self sufficient in the food front. Now let us come to analyse how much resources we have got. During the days of drought there are some rains in the country which can be utilised. In the peak season what is the total water resource of the country? It is 1440 million acre feet and out of this 540 million acre feet of water only is utilisable. The water resource utilised so far in this country is 210 million acre feet. But the reservoir capacity created is only 140 million acre feet. This is a very pertinent point. Reservoir capacity of our irrigation system has to be increased. The reservoir capacity of the water resource is only 10 per cent of the total water resource we receive in one year. It means this. USA till today has developed 50 per cent of its water under reservoir capacity; but, on the other hand we have just developed only 10 per cent. Until and unless we develop the reservoir capacity of water to at least 30 to 40 per cent it should at least be 50 per cent to my mind—we are not going to tackle the drought situation. Why we are not tackling it or why we are able to tackle it. I will now read out the Unstarred Question No. 46 put by me on 4th October 1982 and the reply given by the Minister of Irrigation. I asked a specific question.

"Will the Minister of Irrigation be pleased to state:

(a) the names of the medium and major schemes sanctioned by Planning Commission for the districts of Munghyr, Bhagalpur and Santhal Pargana in Bihar in the last ten years;

(b) whether the escalation in cost has taken place to about ten to fifteen times in each project over the actual cost and the revised estimates now; and

(c) the time by which all the sanctioned schemes are to be completed?"

The reply was that there was one scheme called Ajan in Monghyr district, which was sanctioned in 1973 at a cost of Rs. 141 lakhs. Now the escalated figure is Rs. 798 lakhs. Another scheme in Beharna Reservoir Scheme. It was sanctioned in 1973 and the sanctioned cost was Rs. 62 lakhs. The revised estimated cost is Rs. 698 lakhs. The cost has gone up at least 10 to 11 times. Why are we not able to execute the schemes within the scheduled time? Who is responsible for this inordinate delay in the execution of these schemes? Now, due to escalation in cost, a lot of money would be spent. We know how the money is plundered and looted there. I do not know why the efficiency is very very low in executing these schemes. Now, it has got no relevance whether the Irrigation is in the State sector or in the Centre. It is a national subject now.

Now, I wrote a letter to the Prime Minister detailing all the schemes. The Prime

Minister was knid enough to send a reply to me. I will read it out.

"Dear Shri Yadav,

I have received your letter of the 25th June. I have discussed the progress of the major projects in the Irrigation and Power sectors with the officials of the Bihar Government and also stressed the need for speedy development and monitoring of projects. I am sure you would have taken up the schemes mentioned in your letter with the Government of Bihar also. I am asking the Ministry of Irrigation to look into this further."

Your sincerely,

Sd|- Indira Gandhi."

I am thankful to the Prime Minister for the reply.

MR. CHAIRMAN: The point is very well taken that they have been following it up.

SHRI D. P. YADAV: After this letter was sent by the Prime Minister of India, even after 1-1|2 years period even 5 per cent progress has not taken place in any of the scheme. I do not know how they could flout the directive of the Prime Minister. Sir, I may be allowed to read out some of the extracts.

MR. CHAIRMAN: Don't think that you are going into minute detail at the district level?

SHRI D. P. YADAV: I will just quote them. In a proceedings of a meeting where the Chief Engineer, the District Magistrate, the Minister of State and myself were present, I put a question as to why these schemes were not completed?

"इससे सिचाई नहीं हो रही है और सिंचाई नहीं होने की कौन कहे किसी समय डैम ही फट कर फेंका जा सकता है क्योंकि स्पीलेवे गेट को खोलने और बन्द करने के लिए भी अब कोई मट नहीं रह गया है। मुख्य अभियन्ता, देवकर ने स्थिति को बहुत ही भयावह कहत हुए सूचित किया कि सभी चीजें डगमागाने लगी है। चौकीदारी करने वाला अब कोई नहीं है। ट्रक एवं ट्रैक्टर बनाने वाला कोई नहीं है। सरकार का आदेश एसा है कि हम लोग बहार से किसी को बहाल नहीं कर सकते हैं। किसी पदाधिकारी को आशुलिपिक नहीं मिला हुआ है। नकशों को खींचने के लिए ड्राफ्टमैन नहीं है। ट्रसर नहीं है एवं ब्लू प्रिन्टर नहीं है। सभी व्यवस्था डगमगा उठी है और एसी परिस्थिति में सिचाई परियोजनाओ के कार्यान्वियन में लक्ष्य के अनुरुप प्रगति कैसे मांगी जाती है ? यह मुद्दा केवल मुंगरे जिल के लिए ही नहीं है बल्कि पूरे बिहार में समूची व्यवस्था डगमग होने लगी है।

सभापति जी, वह मुख्य अभियन्ता ने कहा है। जो सच्चाई है वह सारी बातें मैंने सभा पटल पर रखी है।

I would now like to give some suggestions:

1) The Central Water Commission should continue preparing drought-area reports.

2) Efficient use should be made of soil and water management for proper utilisation of irrigation potential.

3) You should prescribe guidelines for drought preparendness.

4) You should expedite creation of National Water Resources Council and the River Basin Commission.

5) Drought is a national problem and it should be dealt with at the national level and not left to the States.

6) Non-official multi-disciplinary committees comprising experienced irrigation engineers, agronomists, soil scientists, economists be set up to evaluate performance of command areas and suggest improvement for proper utilisation

[Shri D. P. Yadav]

of irrigation potential, specially in drought years.

7) Conjuctive use of surface and ground water should be given a top-most priority.

8) On the same analogy as NHPC and NTPC, to execute power projects under the Central Sector National Irrigation Corporation be set up for execution of the infrastructure of major irrigation projects.

9) To conserve water, sprinkler irrigation, drip irrigation and polythene pipe system should also be encouraged.

This would help us to conserve water and get more production.

The warning which we have received this year should be taken seriously and necessary action taken in a coordinated manner.

SHRI NITYANANDA MISRA (Bolangir): Mr Chairman, Sir, my State of Orissa, which is the poorest and the most under-developed and backward State in the country, has witnessed three natural calamities coming in quick succession one after the other, which has devastated and broken the backbones of millions of people of my State. On June 3 we had a cyclone which swept everything before it coming at a tremendous speed of 230 kms. and it caused widespread devastation, demolished houses and hundreds of lives were lost. We are grateful to the Centre that on that occasion, we got some financial assistance which proved a great blessing for the people who had been affected by the cyclones.

After that we had drought conditions prevailing for more than a month which resulted in seriously affecting our crop which was in its infancy stage. This drought condition delayed our agricultural operation and transplantation work as a result of which the crop was very badly affected.

On September 29-30, we had a heavy rainfall unprecedented in history. For the last 100 years we did not have such a rainfall. As a result of this there was flood never witnessed during the last 100 years. There was flood in the Mahanadi and its tributaries and also in the Hirakud Dam area right upto coastal plain and the whole of the delta region become one vast sheet of water submerging everything.

I shall now speak a few words about my constituency which is in the Western part of the mountainous region of our State. This area never experienced floods, but this year there was terrible flood. Rainfall within the span of thirtysix hours was to the tune of nearly 25 inches. As a result Mahanadi and its tributaries—Ong Tel, Shuk Tel, Sungarh and Lanth were in high flood and this resulted in the devastation of the villages, crops and the houses and brought terrible sufferings and hardships to the people. Most of the roads in the villages including its feeder roads which were constructed during the last two decades were completely wiped out. As a result of the washing away of the bridges and culverts the communication system was completely disrupted. It became virtually dead for more than a week. Sir, in my constituency there is not a single project which can provide flow irrigation. At present there is only tank irrigation. In the tanks there were breaches and after the floods we were faced with the drought condition because there was no water in the tanks. Therefore, the situation has become more serious. Apart from the disruption of the communication system, the entire electricity system also broke down and we got the restoration work done only after twenty days. People had to remain without electricity and water supply for a long time.

After the floods the drought conditions prevailed because most of the irrigation work were damaged and there were big breaches in the bandhs with the result the water had flowed away. The restoration work could not be done immediately because of the conditions created by the floods.

Sir, I would like to mention two types of damages which have hit us very hard. One is the land, which has been sand-

casted—the most productive land which was situated on both banks of the rivers. All these lands on both the sides of the rivers that I have mentioned, have been sand-casted; and the entire current of the rivers has flowed on both the sides and has destroyed the most valuable, most fertile and productive land. Nearly one lakh acres of land have been and-casted. The farmers must be given some financial assistance which will enable them to remove the sand from the land which is very fertile.

We were a surplus district in food-grains. But we are afraid that because of the excessive sand-casting in these one lakh acres of land, our agricultural production will suffer very much. We appeal to the Minister of Agriculture to take steps for the restoration and recovery of this most fertile land. For this purpose, some amount of money should be given to the affected people to enable them to reclaim land. The farmers are prepared to work hard. But we should boost up their morale. They are desperate, because their land has been lost for all times to come. So, it is absolutely necessary that in order to encourage them, some financial assistance should be given to them.

Another difficulty that we are experiencing is that in all these five rivers, there have been more than 500 breaches on the banks. Even if there is a small flood now, it will not flow in the course of the river, but will come on both the sides of the river through these breaches, and that will cause further damage to the houses and lands. Efforts should be made to close the breaches. It will require a substantial amount of financial resources. And so, this work should be undertaken by the Irrigation Department of the State Government. Unless embankments are constructed, it will not be possible for the farmers to cultivate these lands which lie on both the sides of the river. Because this will need a colossal amount of money, I think Central aid for this purpose must come in a big way, so that this massive work can be undertaken.

We are facing this twin problem of drought and flood. Our technical people are thinking about it; our engineers have applied their minds as to how to control the floods. But I think it is not a twin problem. It is only one problem. If we can successfully tackle the problem of drought by constructing big irrigation projects and dams, we shall be able to store up a colossal quantity of excess flood water, and we will be able to check floods, which have assumed such serious proportions now.

As far as my district is concerned, we have got these five tributaries of Mahanadi. But there is no irrigation project in any one of these rivers as a result of which the entire flood waters of all these rivers run into Mahanadi and cause flood there. The thinking among the engineers there is that they will construct some dams in Mahanadi which will help them to check floods; but it will never be possible, unless the tributaries are tackled very efficiently. So it is high time that serious attention is paid to dam the tributaries which were also in high flood. I think during the recent floods, nearly eight lakh cusecs of water came from these tributaries to Mahanadi, which caused flood in the delta basin. It is absolutely necessary that there should be more than one irrigation project in every one of these five tributaries, so that we can get irrigation facilities, and at the same time sufficient amount of excess flood water can be stored up in these irrigation projects. It will ultimately help in the control of floods in Mahanadi.

I request our Minister of Irrigation to give utmost importance to this problem, which will solve not only the flood problems of the delta region but also the drought problems and the irrigation problems of my constituency which has got irrigation only in 5 per cent of the cultivable land as I had already mentioned a number of times on the Floor of this House. We are so backward. as far as agricultural development is concerned because only 5 per cent of the cultivable land gets irrigation facilities. If there are irrigation projects, then the main problems of flood. irrigation and drought can be solved. I would request the Irrigation Minister to pay all seriousness and importance to it so that we can have a number of irriga-

[Shri Nityananda Misra]

tion projects and the flood of Mahanadi and its tributaries can be sufficiently controlled and checked.

SHRI TRIDIB CHAUDHURI (Berhampore): I do not know whether I should describe it as my privilege or my misfortune that I have to sit here for the last 30 years. This discussion on floods and drought has become hardy annual, a routine matter.

